संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -214 बुधवार,05 जून 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# एनडीए की गठबंधन सरकार बनाने की कवायद

» तीसरी बार एनडीए की सरकार,आज गठबंधन की बैठक...

» पीएम ने दिल्ली आने के लिए नीतीश-नायडू को किया फोन...




**नई दिल्ली,04 जून 2024(ए)।** 18 वीं लोकसभा चुनाव के नतीजे लगभग साफ हो गए हैं। 542 सीटों में से एनडीए को 291, इंडिया को 234 सीटें मिल रही हैं। हालांकि, भाजपा 272 के बहुमत आंकड़े को पार नहीं कर पाई,लेकिन एनडीए को बहुमत मिल गया है। 2014 में भाजपा को 278 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं।

इस बीच अब सरकार बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। एनडीए ने अपने घटकदलों की बुधवार सुबह 11.30 बजे बैठक बुलाई है। पीएम ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार और टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू को फोन कर बैठक के लिए फोन किया है।

उधर,इंडिया,गठबंधन की भी शाम को दिल्ली में बैठक बुलाई गई है। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस बैठक अगली रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट के अनुसार,रात 10 बजे तक भाजपा को 240,कांग्रेस को 99, सपा को 37,टीएमसी को 29,डीएमके को 22, टीडीपी को 16, जेडीयू को 12, शिवसेना यूटीबी को 9,एनसीपी शरद पवार को 7,राजद को 4 और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को 5, शिवसेना शिंदे को 7 सीटें मिलती दिख रही हैं।

वहीं ममता बनर्जी ने कहा...ये मोदी की हार है जबकिराहुल ने कहा कि देश मोदी-शाह को नहीं चाहता। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीजेपी के गिरे जनाधार के लिए पीएम मोदी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि यह मोदी की नैतिक हार है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि यह मोदी की हार है। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव कार्यक्रम का ऐलान किया था। कुल 7 फेज में 19 अप्रैल से 1 जून तक वोटिंग हुई। 1952 के बाद 44 दिन का यह चुनाव सबसे लंबा रहा। 1952 में यह 4 महीने चला था। इन 2 मौकों के अलावा चुनाव की प्रोसेस अमूमन 30 से 40 दिन में पूरी हो जाती थी।

पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि ये 140 करोड़ भारतीयों की जीत है। मैं आज देश के चुनाव आयोग का भी अभिनंदन करूंगा। चुनाव आयोग ने दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव इतनी कुशलता से संपन्न कराया। करीब सौ करोड़ मतदाता,एक करोड़ मतदान कर्मी,11 लाख बूथ इतनी प्रचंड गर्मी में कर्मियों ने अपने दायित्वों को बखूबी निभाया। हमारे सुरक्षा कर्मियों ने अपने कर्तव्य भाव का शानदार परिचय दिया।

पीएम मोदी ने मंगलवार शाम एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा...जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए पर भरोसा जताया है। यह भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। मैं इस स्नेह के लिए जनता जनार्दन को नमन करता हूं और उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हम जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पिछले दशक में किए गए अच्छे कार्यों को जारी रखेंगे। मैं अपने सभी कार्यकर्ताओं को उनकी कड़ी मेहनत के लिए भी सलाम करता हूं। शब्द कभी भी उनके असाधारण प्रयासों के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे।

पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी ने कहा, मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री को बहुमत का आंकड़ा नहीं मिला। प्रधानमंत्री ने विश्वसनीयता खो दी है। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि उन्होंने कहा था कि इस बार वे 400 सीटें पार करेंगे।

## चुनावी नतीजों पर राहुल गांधी का पहला बयान आया सामने



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में साफ संदेश दिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को नहीं चाहती। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार घटन के लिए 'इंडिया गठबंधन की ओर से कवायद पर कोई भी फैसला इस विपक्षी गठबंधन के घटक दल मिलकर करेंगे।

## स्मृति ईरानी ने कहा...जीतने वाले को बधाई देने का दिन



अमेठी में लोकसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने मीडिया को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज जीतने वाले को बधाई देने का दिन है। उन्होंने कहा कि यह अमेठी से जुड़े मेरे जीवन के 10 साल बेहद खास रहे हैं। हमने गांव-गांव में जाकर जनता की सेवा की है। उन्होंने कहा कि आज इस मंच पर भाजपा की वो पीढ़ी है जिसने संघर्ष किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने बहुत काम किया। स्मृति ईरानी ने कहा कि वह आगे भी इसी तरह गांव-गांव जाकर अमेठी के लोगों की सेवा करती रहेंगी। उन्होंने अपनी हार पर कहा कि इसका विश्लेषण संगठन करेगा।

## लोकसभा चुनाव के विजयी उम्मीद्वार

### वाराणसी से चुनाव जीते पीएम मोदी

**कांग्रेस उम्मीदवार अजय राय को डेढ़ लाख वोटों से हराया**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव जीत गए हैं। मोदी ने कांग्रेस उम्मीदवार को करीब डेढ़ लाख वोटों से हराया है। मोदी तीसरी बार वाराणसी से सांसद चुने गए हैं। इंडिया गठबंधन की ओर से यह सीट कांग्रेस के खाते में गई थी। कांग्रेस ने अजय राय को उम्मीदवार बनाया था। चुनाव आयोग के मुताबिक, पीएम मोदी को 612970 वोट मिले हैं, जबकि अजय राय को 460457 मिले हैं।

### जीतन राम मांझी की बड़ी जीत



बिहार की गया लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी लगभग 1 लाख 2 हजार वोट से चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के कुमार सर्वजीत को हराया है। आज पूरे दिन भर जीतन राम मांझी टेलीविजन पर रुझान देखते रहें। जब तक जीत नहीं हुई तब तक टेलीविजन छोड़कर नहीं उठे। अंततः उन्होंने जीत सुनिश्चित होने के बाद ही टेलीविजन छोड़ा।

### कंगना रनौत मंडी से जीती



74 हजार से ज्यादा वोटों से जीती मंडी सीट मंडी (हिमाचल प्रदेश),04 जून (आरएनएस)। बॉलीवुड की क्वीन और भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने मंगलवार को मंडी संसदीय क्षेत्र में पूर्व राजपरिवार के वंशज तथा कांग्रेस विधायक विक्रमादित्य सिंह के खिलाफ 74 हजार से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की है।कंगना को 5,37,022 मत मिले जबकि दूसरे स्थान पर रहे सिंह को 4,62,267 मद मिले हैं।

### अखिलेश डिम्पल जीते चुनाव



यादव परिवार के पांच उम्मीदवारों में से तीन ने दर्ज की बड़ी जीत अखिलेश को मिले 640207 वोट कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अखिलेश यादव ने बड़ी जीत हासिल की है। अखिलेश यादव को 640207 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को 470131 वोट मिले हैं।

**मैनपुरी से डिंपल यादव की बड़ी जीत**

मैनपुरी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव ने बड़ी जीत हासिल की है। डिंपल यादव 1 लाख 89 हजार मतों से जीती है

**धर्मेंद्र यादव को मिली जीत**

आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को जीत मिली है। उन्होंने भाजपा के दिनेश लाल यादव को 161035 मतों से हराया है। इस जीत से उत्साहित सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर ढ़ोल बजाए और मिठाइयां बांटी।

## देश भर में जीते उम्मीदवारों की लिस्ट

- तेलंगाना की मेडक सीट से बीजेपी के माधवनेनी रघुनंदन राव जीत गए हैं।
- उत्तर प्रदेश की ओनला सीट से सपा के नीरज मौर्य जीते हैं। चंदौली सीट से सपा के ही बीरेंद्र सिंह ने जीत दर्ज की है।
- केरल में अलथुर सीट से सीपीआई-एम पार्टी से के राधाकृष्ण जीत गए हें।
- पंजाब के होशियारपुर से आम आदमी पार्टी के डॉ. राजकुमार छब्बेबाल जीत गए हैं।
- महाराष्ट्र में रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट से बीजेपीके नारायण राणे जीते हैं।
- उत्तर प्रदेश में गौतम बुद्ध नगर से बीजेपी के डॉ. महेश शर्मा जीते हैं।
- गोंडा सीट से बीजेपी के कीर्तिवर्धन सिंह ने जीत दर्ज की है।
- डोमरियागंज सीट से बीजेपी के जगदंबिका पाल ने जीत हासिल की है।
- बिहार के पश्चिम चंपारण से बीजेपी के डॉ. संजय जायसवाल ने जीत हासिल की है।
- गुजरात की अमरेली सीट से बीजेपी के भरतभाई सुतारिया और आणंद सीट से बीजेपी के मितेश पटेल जीत गए हैं।
- दाहोद सीट से बीजेपी के जसवंत सिंह भाभोर जीते हैं।
- हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा सीट भी बीजेपी ने जीत ली है। यहां से डॉ. राजीव भाद्वाज ने जीत दर्ज की है।
- मध्यप्रदेश में रीवा सीट से बीजेपी के जर्नादन मिश्रा जीत गए हैं।
- राजस्थान की जोधपुर सीट से बीजेपी के गजेंद्र सिंह शेखावत जीत गए हैं।
- उत्तर प्रदेश में गोरखपुर सीट से बीजेपी के रविकिशन और देवरिया सीट से बीजेपी शशांक मणि जीत गए हैं।

## अयोध्या में राम मंदिर और हिंदुत्व का मुद्दा भी नहीं जीता सका भाजपा को,अब सपा के खाते में अयोध्या



अयोध्या । राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम इसी साल जनवरी में हुआ। ऐसे में भाजपा को पूरा विश्वास था कि उत्तर प्रदेश में तो आसानी से स्वीप कर जाएंगें, जनता का पूरा आशीर्वाद मिलेगा, इसी वजह से 80 की 80 सीटें जीतने का दावा भी किया जा रहा था। लेकिन जो नतीजे सामने निकल कर आये हैं उसने मोदी-योगी के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी हैं। कांग्रेस से हाथ मिला समाजवादी पार्टी ने बड़े स्तर पर यूपी में सेंधमारी की है। सपा उन इलाकों में जीत के करीब पहुंच चुकी है जहां पर पिछले चुनाव तक भाजपा को बड़ी बढ़त मिली हुई थी।

**यूपी से राम लहर कहां गायब हो गई ?**

पूरे देश के लिए राम मंदिर का मुद्दा बेहद अहम माना जा रहा था, लेकिन उत्तर प्रदेश के लिहाज से कई सीटों पर इसका सबसे ज्यादा प्रभाव था। फैजाबाद सहित गोंडा, कैसरगंज, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, बस्ती सीट पर भी राम मंदिर का काफी प्रभाव रहा है। यह सभी सीटें फैजाबाद के आसापास ही पड़ती हैं। ऐसे में माना जा रहा था यहां से भाजपा को ज्यादा चुनौती नहीं मिलेगी। लेकिन चुनावी नतीजों ने सभी हैरान कर दिया है। हैरानी की बात यह है कि फैजाबाद सीट से भाजपा के लल्लू सिंह ही पिछड़ गए हैं। जिस अयोध्या को लगातार राम नगरी कहकर संबोधित किया गया, जहां पर सबसे ज्यादा भाजपा ने राम के नाम पर वोट मांगा, उसी सीट पर समाजवादी पार्टी आगे निकल गई।

## सबसे कम उम्र की सांसद बनीं संजना जाटव,6 माह में लिया हार का बदला



लोकसभा चुनाव 2024 में देश के सबसे कम उम्र के सांसदों में शांभवी चौधरी के साथ ही संजना जाटव का नाम भी शामिल हो गया है। कांग्रेस उम्मीदवार संजना जाटव ने राजस्थान की भरतपुर सीट से जीत दर्ज की है जबकि शांभवी चौधरी समस्तीपुर से जीती हैं। भरतपुर लोकसभा सीट राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गृह जिला है। कांग्रेस की संजना जाटव ने सीएम शर्मा के इलाके में सेंधमारी लगाकर भाजपा के रामस्वरूप कोली को हरा दिया।

## लुधियाना में कांग्रेस का गढ़ बरकरार,राजा वड़िंग ने रवनीत बिट्टू को हराकर दर्ज की जीत



लुधियाना में एक बार कांग्रेस पार्टी की जीत हुई है। लेकिन इस बार कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने भारी मतों से जीत हासिल की है। इस सीट पर कांग्रेस पार्टी के राजा वड़िंग व भाजपा के रवनीत बिट्टू में कड़ी टक्कर देखने को मिली। राजा वडिंग ने रवनीत बिट्टू को 20942 मतों से हराकर जीत हासिल की है। जानकारी के अनुसार राजा वड़िंग 322224 वोटों से जीते हैं। इस दौरान दूसरे नंबर बीजेपी उम्मीदवार रवनीत बिट्टू को 301282 वोट, तीसरे नंबर पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अशोक पराशर पप्पी को 237077 वोट व चौथे नंबर शिरोमणि अकाली दल के रणजीत सिंह ढिल्लों को 90220 वोट मिले हैं। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग लुधियाना सीट जीतकर पार्टी का गढ़ बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं।

## संक्षिप्त खबर



### नासिक में बड़ा हादसा

**भारतीय वायुसेना का सुखोई लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त**

**नासिक04 जून 2024(ए)।** मंगलवार को महाराष्ट्र के नासिक में भारतीय वायुसेना का एक सुखोई एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नासिक रेंज के विशेष महानिरीक्षक डी आर कराले ने बताया कि हादसे में पायलट और सह-पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। विमान शिरसगांव गांव के पास एक खेत में क्रैश हुआ।विमान के पायलट विंग कमांडर बोकिल और सह-पायलट बिस्वास ने सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाबी पाई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों पायलटों को मामूली चोटें आई हैं और उन्हें एचएएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई थी, जिसे बुझा दिया गया है। विमान के टुकड़े 500 मीटर के दायरे में फैले हुए हैं।

## 5 से 9 जून, 2024 तक बंद रहेगा राष्ट्रपति भवन



**नई दिल्ली,04 जून 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आ गए है। लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता का आभार व्यक्त करते हुए संबोधन भी दिया है। इसी बीच अब मंत्रिपरिषद के लिए शपथ ग्रहण की तैयारियां भी शुरू हो गई है। वहीं अब शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के कारण राष्ट्रपति भवन बुधवार से रविवार तक आम जनता के लिए बंद रहेगा।लोकसभा चुनाव के नतीजों और रुझानों से पता चला कि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनने जा रही है, लेकिन वह 272 के जादुई आंकड़े से दूर रह जाएगी। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है, राष्ट्रपति भवन में मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह के आगामी आयोजन की तैयारी के कारण राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) का दौरा आम जनता के लिए 5 से 9 जून, 2024 तक बंद रहेगा।सर्किट-1 आगंतुकों को मुख्य भवन, प्रांगण, स्वागत कक्ष, नवचारा, बैंक्वेट हॉल, ऊपरी 'लॉजिया', लुटियन की भव्य सीढ़ियां, अतिथि विंग, अशोक हॉल, उत्तरी ड्राइंग रूम, लंबा ड्राइंग रूम, पुस्तकालय, दरबार हॉल और भगवान बुद्ध की प्रतिमा के दौरे पर ले जाता है।

## मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका



» अदालत ने कहा...जमानत याचिका पर अभी सुनवाई नहीं...

**नई दिल्ली,04 जून 2024(ए)।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

## शॉर्ट सर्किट से तीन मंजिला फर्नीचर गोदाम में लगी आग



**कोटा,04 जून 2024(ए)।** कोटा बजरंग नगर स्थित तिरुपति आवास कॉलोनी में फर्नीचर गोदाम में आग लग गई। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग में गोदाम में रखा फर्नीचर, लकड़ी और प्लास्टिक का सामान जल गया। गोदाम में बड़ी मात्रा में फोम भी था। गोदाम मालिक ने न तो फायर एनओसी ली थी और न ही गोदाम में फायर उपकरण लगवाए थे। गोदाम आवासीय कॉलोनी की गलियों में है, जहां बड़ी दमकलों को पहुंचने में मशक्कत करनी पड़ी।

## भाजपा कार्यकर्ता प्रवीण नेट्टारू की हत्या मामले में एक और संदिग्ध गिरफ्तार



**कर्नाटक,04 जून 2024(ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को जुलाई 2022 में कर्नाटक में भाजपा कार्यकर्ता प्रवीण नेट्टारू की हत्या के सिलसिले में एक और संदिग्ध को गिरफ्तार किया। संदिग्ध की पहचान रियाज यूसुफ हराल्ली के रूप में हुई है, जिसे देश से भागने की कोशिश करते समय मुंबई हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। इस गिरफ्तारी के साथ ही मामले में हिरासत में लिए गए संदिग्धों की कुल संख्या 19 हो गई है।

## शरद पवार ने नीतीश कुमार को फोन करने की अटकलों को खारिज कर दिया



**मुंबई,04 जून 2024(ए)।** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (सपा) सुप्रीमो शरद पवार ने उन अटकलों को खारिज कर दिया कि उन्होंने मंगलवार को लोकसभा में वोटों की गिनती के दौरान जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख नीतीश कुमार से संपर्क किया था। चुनाव चल रहा है. महाराष्ट्र के मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शरद पवार ने कहा कि अभी उनकी किसी से बात नहीं हुई है।

## संपादकीय

# पाक की गलती माना

पाकिस्तान के लाहौर समझौते के उल्लंघन को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणी के गहरे मायने हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई व उनके दरम्यान 1999 में हुए समझौते के उल्लंघन को उन्होंने पाक की गलती माना।जो जनरल परवेज मुशर्रफ द्वारा कारगिल पर किए गए हमले से जोड़ कर देखा जा रहा है। उस पर भारत ने दो दिन बाद कहा कि पड़ोसी देश का निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। दोनों देशों के बीच शांति व स्थिरता के दृष्टिकोण पर बात करने वाला यह समझौता सफलता का संकेत माना गया था। शरीफ ने पाकिस्तान के 28 मई 1998 में पांच परमाणु परीक्षणों की बात भी की। पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।राजनैतिक अस्थिरता, भारत के प्रति उसका नकारात्मक नजरिया तथा आतंकवाद को प्रश्रय देने वाली उसकी नीतियों ने दुनिया के समक्ष दयनीय साबित किया है। विश्व बैंक कह रहा है कि पाक की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। 2011 में पाक पर 66 बिलियन डॉलर का कर्ज था। जो 2023 में 124 बिलियन डॉलर पर पंहुच गया।नगदी संकट और उच्च महंगाई दर से जूझ रही जनता गरीबी रेखा से नीचे जा रही है। भारत के साथ सीमा विवाद, कश्मीर के बड़े हिस्से पर कब्जा व जल विवाद तो हैं ही, इनके साथ आतंकवाद सबसे बड़ा मुद्दा है। भारत के खिलाफ किये युद्धों में जबरदस्त मात खाने के बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।हालांकि पाकिस्तानी हुक्मरान जानते हैं कि भारत के साथ दोस्ताना रवैया उन्हें फायदा देने वाला ही साबित होगा। मगर छिछली राजनीति और जनता को खोखली बयानबाजियों से फुसलाने से वे बाज नहीं आ रहे। भारत के खिलाफ जहर उगलने तथा आतंकवाद की आड़ लेकर दुश्मनी कायम रखने के फिलसफे से निकलने को राजी नहीं हैं। पच्चीस साल बाद गलती को स्वीकार कर नवाज अपनी राजनीति को नयी दिशा देने को तैयार होते नजर आ रहे हैं।तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज अपने खिलाफ चल रहे अदालती मामलों की गिरफ्तारी से बचने के लिए ब्रिटेन भाग गये थे। सत्ता परिवर्तन के बाद बीते अक्टूबर में वापिस लौटे हैं। उनके तब्दील होते विचारों से संकेत मिल रहे हैं कि पाक की राजनीति जल्द ही करवट ले सकती है।

# मानव जीवन भी संकट में होगा

मई 26 को असम के तिनसुकिया जिले की पाटकाई पहाड़ियों पर अवैध रूप से संचालित रेट होल माइंस' में दब कर तीन लोग मारे गए। विदित हो पास ही मेघालय के पूर्वी जयंतिया जिले में कोयला उत्खनन की 26 हजार से अधिक रेट होल माइंस' अर्थात चूहे के बिल जैसी खदानें बंद करने के लिए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के आदेश को दस साल हो गए हैं, लेकिन आज तक एक भी खदान बंद नहीं हुई। कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी इन खतरनाक खदानों को बंद करने लेकिन पहले से निकाल लिए गए कोयले के परिवहन के आदेश दिए थे।इस काम की निगरानी के लिए मेघालय हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त जस्टिस बीके काटके समिति ने अपनी 22वीं अंतरिम रिपोर्ट में बताया है कि किस तरह ये खदानें अभी भी मेघों का देश कहे जाने वाले प्रदेश के परिवेश में जहर घोल रही हैं। उल्लेखनीय है कि कभी दुनिया में सबसे अधिक बरसात के लिए मशहूर मेघालय में अब प्यास ने डेरा जमा लिया है। यहां नदियां जहरीली हो रही हैं, और सांस में कार्बन घुल रहा है। यह सब हो रहा है इन खतरनाक खदानों से कोयले के अवैध, निर्बाध खनन के कारण। हाई कोर्ट की कमेटी बताती है कि अभी भी अकेले पूर्वी जयंतिया जिले की चूहा-बिल खदानों के बाहर 14 लाख मीट्रिक टन कोयला पड़ा हुआ है जिसको हटाया जाना है।दस साल बाद भी इन खदानों को कैसे बंद किया जाए, इसकी विस्तृत कार्यान्वयन रिपोर्ट' अर्थात डीपीआर प्रारंभिक चरण में केंद्रीय खनन योजना एवं डिजाइन संस्थान लिमिटेड (सीएमपीडीआई) के पास लंबित है। एक बात और, 26 हजार की संख्या तो केवल एक जिले की है, ऐसी ही खदानों का विस्तार वेस्ट खासी हिल्स, साउथ वेस्ट खासी हिल्स और साउथ गारो हिल्स जिलों में भी है। इनकी कुल संख्या सात हजार से अधिक होगी। जस्टिस काटके की रिपोर्ट में कहा गया है, मेघालय पर्यावरण संरक्षण एवं पुनर्स्थापन निधि (एमईपीआरएफ) में 400 करोड़ रुपये की राशि बगैर इस्तेमाल पड़ी है, और इन खदानों के कारण हुए प्रकृति को नुकसान की भरपाई का कोई कदम उठाया नहीं गया।मेघालय में प्रत्येक एक वर्ग किलोमीटर में 52 रेट होल खदान हैं। अकेले जयंतिया हिल्स पर इनकी संख्या 26 हजार से अधिक है। असल में ये खदानें दो तरह की होती हैं। पहली किस्म की खदान बमुश्किल तीन से चार फीट की होती हैं। इनमें श्रमिक रेंग कर घुसते हैं। साइड कटिंग के जरिए मजूदर को भीतर भेजा जाता है और वे तब तक भीतर जाते हैं, जब तक उन्हें कोयले की परत नहीं मिल जाती। सनद रहे मेघालय में कोयले की परत बहुत पतली हैं, कहीं-कहीं तो महज दो मीटर मोटी। इसमें अधिकांश बच्चे ही घुसते हैं।दूसरे किस्म की खदान में आयताकार आकार में 10 से 100 वर्गमीटर माप में जमीन को काटा जाता है और फिर उसमें 400 फीट गहराई तक मजदूर जाते हैं। यहां मिलने वाले कोयले में गंधक की मात्रा ज्यादा है और इसे दोयम दर्जे का कोयला कहा जाता है। तभी यहां कोई बड़ी कंपनी खनन नहीं करती। ऐसी खदानों के मालिक राजनीतिक दलों से जुड़े हैं, और श्रमिक बांग्लादेश, नेपाल या असम से पहुंचे घुसपैठिए होते हैं। एनजीटी की रोक के बाद मेघालय की पिछली सरकार ने स्थानीय संसाधनों पर स्थानीय आदिवासियों के अधिकार के कानून के तहत इस तरह के खनन को वैध रूप देने का प्रयास किया था लेकिन कोयला खदान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1973 की धारा 3 के तहत कोयला खनन के अधिकार, स्वामित्व आदि हित केंद्र सरकार के पास सुरक्षित हैं।

-पंकज चतुर्वेदी-

# जन अभियान बने पर्यावरण संरक्षण



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

पर्यावरण शब्द संस्कृत भाषा के परि उपसर्ग (चारों ओर) और आवरण से मिलकर बना है जिसका अर्थ है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से आवृत्त किये हुए हैं। यह शब्द फ्रांसीसी शब्द एनवायरनर से लिया गया है, जिसका अर्थ है घेरना, घेरना या घेरना। पर्यावरण को उस परिवेश या परिस्थितियों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें पौधे, जानवर और मनुष्य जैसे जीवित जीव रहते हैं। पर्यावरण की एक सरल परिभाषा में कहा जा सकता है कि मानव जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों को शामिल करने वाली एक प्रणाली है। जैविक या जीवित घटकों में सभी वनस्पति और जीव शामिल हैं, और अजैविक घटकों में पानी, सूरज की रोशनी, हवा, जलवायु आदि शामिल हैं।

हमारी धरती, जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। पूरी दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही हैं। दुनियाभर में हर दिन ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं। साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरुआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम भारत की संसद द्वारा 1986 में पारित किया गया था। इसे संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत पारित किया गया था। यह 19 नवंबर 1986 को लागू हुआ था।

देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि आबादी की भेंट चढ़ती गई। जिस कारण वहां के पेड़ पौधे काट दिये गये व नदी नालों को



बंद कर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए। जिससे वहां रहने वाले पशु, पक्षी अन्यत्र चले गए। लेकिन लाकडाउन ने लोगों को उनके पुराने दिनों की याद दिला दी है। पुराने समय में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये पड़ो को देवताओं के समान दर्जा दिया जाता था। ताकि उन्हे कटने से बचाया जा सके। बड़-पीपल जैसे घने छायादार पेड़ो को काटने से रोकने के लिये उनकी देवताओं के रूप में पूजा की जाती रही है। इसी कारण गावों में आज भी लोग बड़ व पीपल का पेड़ नहीं काटते हैं।

मनुष्य प्रकृति द्वारा बनाया गया सबसे बुद्धिमान प्राणी माना जाता है। उसने एक ओर जहां विज्ञान से प्रौद्योगिक का विकास किया वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध शहरीकरण तथा औद्योगिकीकरण भी किया। इसी का नतीजा है कि उद्योगों से निकलने वाला धुआँ, दूषित पदार्थ आदि प्रदूषण को जन्म दें रहे हैं। इस कारण जलप्रदूषण, वायुप्रदूषण हुआ है। आवास एवं शहरीकरण हेतु वनों की अत्यधिक कटाई के कारण मिटटी प्रदूषण एवं भूमि कटाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण किसी एक गांव, कस्बे या शहर की समस्या नहीं है अपितु यह संपूर्ण विश्व की बहुत विकराल समस्या बन गई है।

हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम हमारी भूमि नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है। स्वस्थ पर्यावरण हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि बिना इसके स्वस्थ रहने की कल्पना करना मुश्किल है। हमें अपने मन में संकल्प लेना होगा कि हमें प्रकृति से सदभाव के साथ जुड़ कर रहना है। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें।

यदि समय रहते प्रदूषण जैसी समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो इसका खामियाजा संपूर्ण मानव जाति को भुगतना होगा। और इसके भयंकर परिणाम होंगे जो हमारे साथ भविष्य में आने वाली पीढ़ी भी भुगतेगी। नेशनल हेल्थ पोर्टल आफ इंडिया के मुताबिक देश में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण की वजह से हो जाती है। वायु प्रदूषण के चलते लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पाती है। जिसका हमारे शरीर में फेफड़े, दिल और दिमाग पर बुरा असर पड़ रहा है। देश में 34 प्रतिशत लोग प्रदूषण की वजह से मरते हैं।

तीन वर्ष पूर्व लाकडाउन का वह समय पर्यावरण की दृष्टि से अब तक का सबसे उत्तम समय रहा था। उस दौरान शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी वायु प्रदूषण का स्तर घटकर न्यूनतम स्तर पर आ गया है। देश की सभी नदियों का जल पीने योग्य हो गया था। जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया में पिछले वर्ष जैसा पर्यावरण दिवस शायद ही फिर कभी मने। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। लाकडाउन के दौरान बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी।

विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है। वास्तविक रुप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ो के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी।

भारत का पहला पर्यावरण आंदोलन बिश्नोई आंदोलन था। अमृता देवी ने इस प्रयास का नेतृत्व किया था। जिसमें 363 लोगों ने अपने जंगलों के संरक्षण के लिए अपनी जान दे दी। पेड़ों की सुरक्षा के लिए उन्हें गले लगाने या आलिंगन देने की अवधारणा स्थापित करने वाला यह अपनी तरह का पहला आंदोलन था। इस दिन हमें आमजन को भागीदार बना कर उन्हे इस बात का अहसास करवाना होगा कि बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन का खामियाजा हमे व हमारी आने वाली पीढियों को उठाना पड़ेगा। इसलिये हमें अभी से पर्यावरण को लेकर सतर्क व सजग होने की जरूरत है। हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से काम करना होगा तभी हम बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन को संतुलित कर पायेगें। तभी हमारी आने वाली पीढ़ियां शुद्ध हवा में सांस ले पायेगी।

# जीवन जीने के लिए प्रकृति का सुरक्षित होना कितना जरूरी

05 जून को हम साल 2024 का विश्व पर्यावरण दिवस मना रहे हैं। इस दिन पर्यावरण के प्रति आम जनता को जागरूक किया जाता है। अधिक से



**-डॉ. राजेश कुमार शर्मा**
पुरोहित
भवानीमंडी
हरियाणा

अधिक पेड़ लगाना। पौधरोपण करना। पेड़ों के ट्री गार्ड लगाना। वन भूमि को हरी भरी करने हेतु नरेगा मजदूरों को लगाया जाता है। बड़े गड्ढे खोदकर पेड़ लगाते हैं। पेड़ की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड या तार फेंसिंग करते हैं। सभी उपस्थित लोग शपथ लेते है कि इन पेड़ों की हम नियमित देखभाल कर इन्हें संरक्षित रखेंगे। बड़ी बड़ी बैठकों में बढ़ते प्रदूषण के प्रति चिन्ता जताई जाती है। प्रकृति का संतुलन बना रहे इस हेतु आगामी रणनीति बनाई जाती है। धरती के बढ़ते तापमान का कारण खोजते हैं। घण्टों मंथन चलता है। पर्यावरण बचाने से सम्बंधित नारे दीवारों पर लिखाये जाते हैं। विद्यालयों में निबंध वाद विवाद स्लोगन लेखन कविता लेखन जैसी प्रतियोगिताओं को आयोजित किया जाता है। पर्यावरण के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है।

जीवन जीने के लिए यह जरूरी है कि



हम प्रकृति को बचाएं। अपने परिवेश में हरियाली बनाए रखें। फलदार छायादार पेड़ लगाएं। पेड़ प्रकृति का उपहार है। इसका जन जन को महत्व समझाएं।पेड़ों के कारण ही हम फ्रेश एअर ले पाते हैं। पुराने जमाने से ही घर मे आंवला तुलसी नीम को लगाकर उनकी पूजन विधि पूर्वक करने का विधान है।

वर्तमान में प्रकृति का स्तर दिनोदिन गिरता जा रहा है।आने वाला समय कितना चुनोती पूर्ण होगा यह समय बताएगा।गर्मी इस तरह बढ़ रही है कि लोगों को साफ और सुरक्षित वायु नहीं मिल रही है। प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है। वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। पृथ्वी पर ऑक्सीजन की मात्रा कम होती जा रही है। विकास की आड़ में लाखों पेड़ सड़कें चौड़ीकरण के नाम पर काटे जा रहे हैं।

पर्यावरण का अर्थ है सम्पूर्ण प्राकृतिक परिवेश ही पर्यावरण है जिसमें हम रहते हैं।इसमे सभी जीवित व निर्जीव तत्व आ जाते हैं। हवा पानी मिट्टी पेड़ पौधे जानवर सभी आ जाते हैं। पर्यावरण के सभी कारक मिलकर एक इको सिस्टम तैयार करते हैं।

पर्यावरण के प्रति मनुष्य की जवाबदेही बनती है।वह यह है कि मनुष्य प्रकृति के साथ श्रद्धा से व्यवहार करें।बेहतर परिवहन विकल्प बनाए।बिजली के उपयोग को कम करें। कागज का उपयोग कम करें। जहरीले रसायनों से बचना।

विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम है। हमारी भूमि हमारा भविष्य होगी यह थीम भूमि और इकोसिस्टम को बहाल करने जैव विविधता की रक्षा करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयास पर जोर देती है। आज हम देखते हैं कि 40 प्रतिशत भूमि मरुस्थलीकरण के कारण खराब हो गई है । जिसका सीधा असर दुनिया की आधी आबादी पर पड़ रहा है।

इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की मेजबानी सऊदी अरब कर रहा है।इस वर्ष का विश्व पर्यावरण दिवस अभियान हमारी भूमि नारे के तहत भूमि बहाली सूखा लचीला6 और मरुस्थलीकरण पर केंद्रित रहेगा।

पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को प्रकृति के बीच जीवन यापन की परंपरा का निर्वहन करना चाहिए।हर व्यक्ति को अपने गाँव शहर का विकास सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से करना चाहिए।


5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया ने मनाया था।1972 में पर्यावरण जागरूकता हेतु एक शिखर सम्मेलन का आयोजन रखा गया था।

वर्तमान में पानी की कमी हो रही है।वायु प्रदूषण बढ़ रहा है।कचरे का प्रबंधन सही नहीं हो रहा है।गिरता जल स्तर। बढ़ता जल प्रदूषण। पेयजल दूषित। नलों में पीले रंग का पानी आना भूमि का क्षरण मिट्टी का क्षरण हो रहा है एक अध्ययन से पता चला कि दुनिया मे वायु प्रदूषण बढ़ने से हर साल 7 मिलियन लोग दुनिया मे मर जाते हैं।10 में से 9 लोग ऐसी हवा में सांस ले रहे हैं जिसमे उच्च स्तर का प्रदूषण होता है।साल 2024 की पंद्रह सबसे बड़ी पर्यावरणीय समस्याएं है उनमें प्रमुख है जीवाश्म ईंधन से गोलबल वार्मिंग,खराब शासन,भोजन की बर्बादी जैव विविधता की हानि प्लास्टिक प्रदूषण वनों की कटाई बढ़ता वायु प्रदूषण पिघलती बर्फ की टोपियां और बढ़ता समुद्र महासागरीय अम्लीकरण कृषि फास्ट फैशन और कपड़ा अपशिष्ट मृदा क्षरण होना।

आओ अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। उनकी सुरक्षा करें बड़े करें। फिर हवा छाया फल फूल गोंद फर्नीचर की लकड़ी आदि पाएं। शुद्ध वायु ही जीवन का आधार है।

## आओ धरती का श्रृंगार करें...






**महेन्द्र कुमार साहू**
खलारीवाला
गुण्डरदेही
बालोद
छत्तीसगढ़

कब तक जंगल काटोगे?
चंद सिक्कों के लालच में।
कब तक जहर बाँटोगे?
चंद रूपयों के लालच में।।
काट रहे हो हरियाली,
बना रहे हो बंजर धरती।
अन्न कहाँ से पाओगे?
बिन पानी खेती परती।।
तुम्हारे घर भी जलेंगे,
उस सूरज की तपिश में।
तुम्हारे श्वांस भी रुकेंगे,
जीवन की खलिश में।।
क्या तेरे दर आँच न आएगी?
तेरा मकां भी है इसी शहर में।
ढह जाएगा तेरा भी घर,
उस कुदरत के कहर में।।
तप रही है सारी धरती,
तप रहा सारा आकाश।
समय रहते हों सचेत,
वरना होगा महाविनाश।।
जब तरु ही न रहेंगे भू पर,
वर्षा कहाँ से आएगी ?
बिन छाया,बिन पानी,
धरती तब थर्रायेगी।।
आओ धरती का श्रृंगार करें,
मिलकर पेड़ लगाएँ हम।
हरी-भरी हो धरा हमारी,
जीवन सफल बनाएँ हम।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



## कैसे बचेगा पर्यावरण



**सोनल सिंह सोनू**
कोलिहापुरी,
दुर्ग
छत्तीसगढ़

फिर से,पर्यावरण दिवस आया है,
पर्यावरण बचाने की मुहिम चली है।
पेड़ लगाने की जैसे होड़ लगी है।
सबने पेड़ लगाए हैं,
फोटो भी खिंचवाए हैं।
कर्मचारी भी शासन का
आदेश बजाए हैं।
स्टेटस लगा वाहवाही भी पाए हैं।
सोशल मीडिया में
पोस्ट तुम्हारे ही छाए हैं।
पोस्ट तुम्हारी अमर रहेगी,
पेड़ मर जायेगें ।
चार दिनों में ही इन्हें,
जानवर चर जायेगें।
पेड़ लगाकर पर्यावरण
प्रेमी कहलाते हो।
इन्हें बचाना भी जरूरी है,
जान नहीं पाते हो।
एक पेड़ की रक्षा,
तुम कर नहीं पाते हो।
जंगल बचाने की योजनाएँ बनाते हो।
जिम्मेदार नागरिक
का फर्ज निभाओ तुम,
पेड़ लगाओ और इन्हें बचाओ तुम ।
वृक्षों के अनगिन फायदे,
सबको गिनाओ तुम।
पर्यावरण के प्रति वास्तविक
जागरूकता लाओ तुम।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# सौभाग्य और संतान प्राप्ति का व्रत वट-सावित्री

पर्व की दृष्टि से भारत का,पूरे विश्व मे एक अलग पहचान है। हमारे भारत मे पूरे साल भर नाना प्रकार के व्रत,उत्सव जयंतियाँ मनायी जाती है।जिसका अपना



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

अलग-अलग महत्व और उपयोगिता है।इन पर्वों का धार्मिक दृष्टि से महत्व तो है ही,इनका सामाजिक और साँस्कृतिक महत्व भी कम नही है।

यह पर्व कहीं न कहीं हमारे जीवन की आस्था,विश्वास,सुख,शांति,उन्नतिऔर मनोकामना को प्रगाढ़ करती है।और इसी कारण हमारे देश मे प्रति वर्ष पूरे बारह मास में कोई न कोई पर्व,व्रत और जयंती अवश्य मनायी जाती हैं।और हम अपनी धार्मिक भावना को सुदृढ कर पाते हैं।

इस कड़ी में ग्रीष्म ऋतु के जेष्ठ मास की कृष्ण अमावश्या को वट सावित्री का पर्व मनाया जाता है। जिसको सौभाग्य और संतान प्राप्ति में सहायता प्रदान करने वाला माना जाता है।

भारतीय सँस्कृति में यह व्रत आदर्श नारीत्व का पर्याय बन चुका है।

इस व्रत को मनाने के पीछे सौभाग्य की वृद्धि,पतिव्रता सँस्कार को पुष्ट करना,और उसको आत्मसात करना है। वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री दोनों की साथ-साथ पूजा की जाती है।और दोनों का अपना विशिष्ट महत्व भी है। हिन्दू सँस्कृति में जिस प्रकार पीपल का विशेष महत्व होता है ठीक



उसी प्रकार बरगद वृक्ष का भी विशेष महत्व है।इस सम्बंध में पराशर मुनि ने यह कहा है कि-

**वट मुले तपोवासा।**

अर्थात वट वृक्ष जप,तप, ध्यान, आराधना का पवित्र स्थल है।

पुराणों में यह उल्लेख है कि वट वृक्ष में त्रिदेव ब्रम्हा,विष्णु,महेश का वास है।वट वृक्ष अपनी अक्षयता और विशालता के लिए भी प्रसिद्ध है।इसके नीचे बैठकर पूजा करने,कथा सुनने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।और अंततः सारी मनोकामनाएँ पूर्ण भी हो जाती है। इसके पीछे एक मनोवैज्ञानिक कारण यह भी माना जाता है कि कालांतर में ग्रीष्म की भीषण गर्मी में जप तप ध्यान के लिए वट वृक्ष की शीतल छाया को ही उचित समझा गया।और हमारे ऋषि मुनि वहीं पर ध्यान करने लगे और फिर यह एक परम्परा बन गई। जिसको आज भी निर्वहन करते आ रहे हैं। दार्शनिक दृष्टि से भी यह वट वृक्ष दीर्घायु,और अमरत्व बोध का प्रतीक माना जाता है। इसके अलावा वट वृक्ष को ज्ञान और निर्वाण का भी प्रतीक माना गया है। इसी वट वृक्ष के नीचे भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसी कारण सौभाग्यवती स्त्रियाँ वट वृक्ष की पूजा,अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए करती हैं और फिर वट के तने में सफेद सुत परिक्रमा करते हुए लपेटती हैं। ताकि उनको अखंड और अक्षय सौभाग्य का फल मिले।

इस व्रत को करने के लिए पूजा स्थल को साफ सुथरा करके रंगोली बनायी जाती है फिर एक चौकी में लाल कपड़े बिछाकर भगवान लक्ष्मीनारायण और शिव पार्वती की मूर्तियों को स्थपित की जाती है। पास में तुलसी के पौधे भी रखे जाते हैं और फिर सबसे पहले भगवान श्री गणेश और माता गौरी की पूजा की जाती है। ततपश्चात अक्षयता, विशालता,का प्रतीक बरगद की पूजा की जाती है। उक्त पूजा सम्पन्न होने के बाद सावित्री और सत्यवान की कथा शुरू की जाती है। कथा का प्रसंग अद्भुत और रोचक है जिसमें पुराणों के अनुसार यह उल्लेख है कि सावित्री का पति अल्पायु था । ऐसे समय मे देवर्षि नारद आकर यह बताते हैं कि तुम्हरा पति अल्पायु है। अतः तुम दूसरा वर मांग लो।तब सावित्री कहती है-मैं हिन्दू नारी हूँ और हिन्दू नारी,पति का चुनाव एक बार ही करती हैं। इधर उसके पति के सर में पीड़ा शुरू हो जाती है। तब सावित्री ने वट के नीचे बैठकर उसे अपने गोदी में लिटा लेती है। इसी समय यमराज अपने गणों के साथ आए और उसके पति सत्यवान को दक्षिण दिशा की ओर ले जाने लगे। इसे देख सावित्री भी पीछे-पीछे जाने लगी। इसको देख यमराज ने कहा-हे पतिव्रता नारी कोई भी स्त्री अपने पति का साथ पृथ्वी तक ही दे पाती है।अब तुम वापस लौट जाओ। तव सावित्री ने कहा-जहाँ मेरे पति रहेंगे उनके साथ मैं भी रहूँगी। यही मेरा पतिव्रता धर्म है। सावित्री के ऐसे धर्म निष्ठ बातों को सुनकर यमराज प्रसन्न हो जाते हैं।और कहते है-तुम मुझसे तीन वर मांग सकते हो।

तब सावित्री ने अपने सास और ससुर के नेत्र की ज्योति माँगी। उसका खोया हुआ राज्य मांगा और अपने पति सत्यवान से सौ पुत्रों की माँ बनने का वरदान मांगा। यमराज आशीर्वाद देकर तथास्तु कह दिया। सावित्री वट के नीचे अपने पति के पास आती है। उसके मृत पति में जीवन शक्ति का संचार होने लगता है। इस प्रकार से सावित्री अपने पतिव्रता धर्म को पालन करके अपने पति की जान यमराज से वापस तो लायी ही । साथ ही साथ सौ पुत्रों का वरदान,अपने सास-ससुर के नेत्र की ज्योति और खोया हुआ साम्राज्य भी वापस ले आती है। इस प्रकार से यह कहा जा सकता है कि वट सावित्री के व्रत से सौभाग्यवती स्त्रियों की मनोकामनाएँ पूर्ण होती है और उनका सौभाग्य अखंड हो जता है। अतः प्रत्येक स्त्री को एक निष्ठ होकर पतिव्रता धर्म का पालन करते रहना चाहिए।जिसके बल से वह अपने पति के सारे दुख-दर्द को सावित्री की भाँति दूर कर सके।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# भाजपा के चिंतामणि महाराज ने कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह को 64 हजार 843 वोटों से हराया









**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 जून 2024**
**(घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव का मतगणना मंगलवार को संपन्न हो गया। सरगुजा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज ने कांग्रेस उम्मीदवार शशि सिंह को 64 हजार 843 वोटों से हरा कर सांसद चुने गए। सरगुजा संसदीय सीट पर भाजपा पांचवीं बार जीत दर्ज कर कब्जा जमाया है। भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज ने बढ़त बनाना शुरु कर दिया था। हर राउंड में वे बढ़त बनाते चले गए। अंतिम के 3-4 राउंड में उनकी बढ़त 20-21 हजार वोट कम हो गई। सरगुजा की आठों विधानसभा सीटों अंबिकापुर, सीतापुर,सामरी,लुंड्रा,रामानुजगंज, प्रेमनगर,भटगांव व प्रतापपुर के वोटों की गिनती संबंधित जिला मुख्यालयों में शांतिपूर्ण ढंग से हुई। हर राउंड की गिनती पर उम्मीदवारों व समर्थकों की नजरें टिकी हुई थी। मतगणना खत्म होते ही जैसे ही चिंतामणि महाराज की जीत हुई, भाजपाइयों में जश्न का माहौल शुरु हो गया है। चिंतामणि महाराज की तय जीत को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के बाहर जहां पटाखे फोड़े,वहीं एक-दूसरे से गले मिलकर बधाइयां दीं। मंत्री रामविचार नेताम, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल,मेजर अनिल सिंह,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव,पूर्व सांसद कमलभान सिंह,अखिलेश सोनी,संतोष दास समेत अन्य भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने चिंतामणि महाराज को फूलमालाओं से लाद दिया तथा लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। उन्होंने नरेंद्र मोदी,चिंतामणि महाराज व भाजपा जिंदाबाद के नारे भी लगाए। भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा पिछले कई चुनावों से मतदाताओं के लिए 'नोटा' का विकल्प भी दिया जा रहा है। ऐसे मतदाता जिन्हें कोई भी प्रत्याशी पसंद नहीं है, उसके लिए यह विकल्प है। इस लोकसभा चुनाव में काफी संख्या में मतदाताओं ने 'नोटा' को वोट किया। आलम यह है कि सरगुजा संसदीय सीट से जहां भाजपा प्रत्याशी को 7 लाख 12 हजार 172 वोट मिले,वहीं कांग्रेस प्रत्याशी को 6 लाख 47 हजार 329 वोट मिले। इसमें भाजपा प्रत्याशी ने 64 हजार 843 वोट से जीत दर्ज की। सरगुजा सीट से 'नोटा' तीसरे स्थान पर रहा। इसे 28 हजार 107 वोट मिले। जबकि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के डॉ. एलएस उदय सिंह को 15 हजार 626 वोट जबकि बसपा के संजय कुमार को 15 हजार 182 वोट मिले। सबसे कम वोट भारत आदिवासी पार्टी के जेरोम मिंज को मात्र 3 हजार 35 वोट मिले।

### रामानुजगंज व सामरी की यह है स्थिति

विधानसभा क्षेत्र 7-रामानुजगंज के मतगणना में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री चिंतामणी को 103738 मत, इंडियन नेशनल कांग्रेस के शशि सिंह कोर्राम को 64018 मत,बहुजन समाज पार्टी के संजय कुमार को 1628 मत, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के डॉ. एल. एस. उदय सिंह को 1238 मत,अखिल भारतीय परिवार पार्टी के कान्ता मिंज को 454 मत,भारत आदिवासी पार्टी के जेरोम मिंज को 298 मत,निर्दलीय प्रत्याशी अरविन्द कच्छप को 399 मत,उर्मिला सिंह को 627 मत,प्रिंस अभिषेक कुजूर को 720 मत,रामाधार सिंह को 1229 मत एवं नोटा को 3825 मत पड़े। इसी प्रकार 08-सामरी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री चिंतामणि महाराज को 82570 मत,इंडियन नेशनल कांग्रेस के शशि सिंह कोर्राम को 83901 मत, बहुजन समाज पार्टी के संजय कुमार को 1888 मत,गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के डॉ. एल. एस. उदय सिंह को 666 मत, अखिल भारतीय परिवार पार्टी की कान्ता मिंज को 596 मत,भारत आदिवासी पार्टी के श्री जेरोम मिंज को 446 मत, निर्दलीय प्रत्याशी अरविन्द कच्छप को 725 मत,उर्मिला सिंह को 1063 मत, प्रिंस अभिषेक कुजूर को 1089 मत, रामाधार सिंह को 1698 मत एवं नोटा को 5254 मत पड़े।



### ये मेरी नहीं बल्कि आम जनता व कार्यकर्ताओ की विजय है: चिन्तामणि महाराज

भाजपा सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिन्तामणि महाराज ने आज कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह पर 64 हज़ार वोटों से शानदार जीत दर्ज की। भारत निर्वाचन आयोग से जीत का प्रमाण पत्र मिलने तक भाजपा प्रत्याशी चिन्तामणि महराज कांग्रेस प्रत्याशी से 64546 मतों से आगे थे । भाजपा कार्यकर्ताओ में इस शानदार जीत को लेकर जबरदस्त उत्त्साह दिखा। भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओ में ढोल नगाड़े तथा मिठाई व पटाखों के साथ जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने चिन्तामणि महराज को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस अवसार पर भाजपा कार्यकर्ताओ को बधाई देते हुए रामविचार नेताम ने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत का पूरा श्रेय कार्यकर्ताओ के अथक परिश्रम व पराक्रम को जाता है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए व भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सरगुजा सांसद के रूप में चिन्तामणि महाराज सरगुजा की आवाज बनकर दिल्ली की संसद में बैठेंगें तथा आदिवासी बहुल सरगुजा अंचल में विकास की गति को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ तथा सरगुजा की आम जनता का आभार वयक्त करते हुए भाजपा लोकसभा प्रत्याशी चिन्तामणि महराज ने कहा कि ये मेरी नहीं बल्कि आम जनता व कार्यकर्ताओ की विजय है। मै प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग के लिए सभी का हृदय से आभार व धन्यवाद करता हूँ। मैं भरोसा दिलाता हूँ कि आप सब की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए हमेशा प्रयासरत रहूँगा। सरगुजा सांसद के रूप में सरगुजा संसदीय क्षेत्र के विकास में कोई कसर बाकी नहीं रखूँगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधयक प्रबोध मिंज,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव,पूर्व सांसद कमलभान सिंह,पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी,वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया,हरपाल सिंह भामरा, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता तथा देवनाथ पैकरा, आलोक दुबे, राजकुमार बंसल सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## डाक मतपत्र की जानकारी

कुल 2583 डाक मतपत्र प्राप्त हुए जिसमें भारतीय जनता पार्टी से अभ्यर्थी चिंतामणी महाराज को 1028, इंडियन नेशनल कांग्रेस से शशि सिंह कोराम को 1049, बहुजन समाज पार्टी से संजय कुमार को 17, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से डॉ एस एल उदय सिंह को 25, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से श्रीमती कांता मिंज को 08, भारत आदिवासी पार्टी से जेरोम मिंज को 25,निर्दलीय प्रत्याशी श्री अरविंद कच्छप को 18,निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती उर्मिला सिंह को 05, निर्दलीय प्रत्याशी श्री प्रिंस अभिषेक कुजूर को 12 और निर्दलीय प्रत्याशी श्री रामाधार सिंह को 04 मत मिले। वहीं नोटा में 14 मत पड़े एवं 378 मत अविधिमान्य रहे।

### रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जीते अभ्यर्थी चिंतामणी महाराज को सौंपा गया प्रमाण-पत्र

लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 01 सरगुजा के कुल 10 अभ्यर्थी निर्वाचन में शामिल रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारतीय जनता पार्टी से जीते प्रत्याशी श्री चिंतामणी महाराज को प्रमाण पत्र सौंपा। ईवीएम द्वारा अंतिम राउंड 23 तक भारतीय जनता पार्टी से श्री चिंतामणी महाराज को 712172 वोट और पोस्टल बैलेट से 1028 वोट, कुल 713200, इंडियन नेशनल कांग्रेस से शशि सिंह कोराम को 647329 वोट और पोस्टल बैलेट से 1049, कुल 648378 वोट, बहुजन समाज पार्टी से संजय कुमार को 15182 वोट और पोस्टल बैलेट से 17 वोट, कुल 15199 वोट प्राप्त हुए।

इसी तरह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से डॉ एस एल उदय सिंह को 15626 वोट और पोस्टल बैलेट से 25 वोट, कुल 15651 वोट, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से श्रीमती कांता मिंज को 4008 वोट और पोस्टल बैलेट से 08 वोट, कुल 4016 वोट, भारत आदिवासी पार्टी से श्री जेरोम मिंज को 3035 वोट और पोस्टल बैलेट से 25 वोट, कुल 3060 वोट प्राप्त हुए।

निर्दलीय प्रत्याशी श्री अरविंद कच्छप को 4166 वोट और पोस्टल बैलेट से 18 वोट, कुल 4184 वोट, श्रीमती उर्मिला सिंह को 5779 वोट और पोस्टल बैलेट से 05 वोट, कुल 5784 वोट, श्री प्रिंस अभिषेक कुजूर को 6803 और पोस्टल बैलेट से 12 वोट, कुल 6815 वोट और श्री रामाधार सिंह को इवीएम मतगणना में 10857 मत तथा पोस्टल बैलेट से 04 वोट मिले, इस तरह कुल 10861 वोट मिले। ईवीएम में नोटा में 28107 मत पड़े। वहीं डाक मतपत्र के जरिए मतगणना में नोटा में 14 मत पड़े एवं 378 मत अविधिमान्य रहे।

# एन एच के बगल में बने पुष्प वाटिका में युवक का मिला शव...पुलिस संदेहियों से कर रही पूछताछ



**- संवाददाता -**
**लखनपुर,04 जून 2024**
**(घटती-घटना)।**

लखनपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 130 स्थित लखनपुर नगर के हृदय स्थल खारिखा पखना तालाब पुष्प वाटिका में मंगलवार की तड़के सुबह मॉर्निंग वॉक पर पहुंचे लोगों ने झाड़ियां में ढका अज्ञात युवक का शव देखा गया।शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मॉर्निंग वॉक पर आए लोगों के द्वारा लखनपुर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची है।और शव के ऊपर से झाड़ियां को हटाया गया। मृतक युवक के चेहरे और गले में चोट के निशान होने पर फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया गया और इधर लखनपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर अज्ञात शव के शिनाख्त में जुटी थी। अज्ञात शव का शिनाख्त रामनारायण पिता जयनाथ राम उम्र 32 वर्ष जाति गोंड रजपुरी कला धनपुरीपारा थाना लखनपुर निवासी के रूप में हुई। परिजनो ने हत्या की शंका जाहिर की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया। अपराध पंजीबद्ध कर लखनपुर पुलिस हत्या के मामले में संदेहों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। और जल्द ही मामले का खुलासा पुलिस के द्वारा किया जाएगा।



गौरतलब बात यह है कि यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग अंबिकापुर बिलासपुर के बगल में बने पुष्प वाटिका में शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है और साथ ही साथ शराब खोरी नशाखोरी जैसे गलत गतिविधियां काफी देखने को मिलता है। कई बार स्थानीय पुलीस के द्वारा पेट्रोलियम के दौरान कार्रवाई भी की जाती है फिर भी रात के अंधेरे में आसामाजिक तत्व डेरा जमाए रहते है।

## 2 हाथियों के बीच चल रही थी लड़ाई...
# विद्युत पोल से टकराते ही सिर पर गिरा तरंगित तार,करंट से बंडा हाथी की मौत

**- संवाददाता -**
**बिश्रामपुर,04 जून 2024**
**(घटती-घटना)।**

दो हाथियों की लड़ाई में एक नर बंडा हाथी की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई है। मृत हाथी का पीएम उपरांत शव दफना दिया गया है। दरअसल लड़ते समय एक हाथी वहीं स्थित विद्युत पोल से टकरा गया, इससे तरंगित तार उसके सिर पर गिर गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर वन अधिकारी पहुंचे और आगे की प्रक्रिया पूरी की।

गौरतलब है कि वन परिक्षेत्र सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत अखोराकला में सोमवार रात करीब 12 बजे बी-2572 जंगल के पास स्थित जवाहर के खेत में 2 हाथियों में द्वंद हो गया। द्वंद के दौरान दोनों हाथी लड़ते-लड़ते पास में स्थित 11 केवी लाइन के पोल के पास पहुंच गए।

इसी दौरान एक हाथी विद्युत पोल से टकरा गया, इससे हाइटेंशन लाइन क्षतिग्रस्त होकर उसके सिर पर गिर गया। तरंगित हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक हाथी की मौत हो गई। उसकी मौत के बाद दूसरा हाथी घटना स्थल से करीब तीन सौ मीटर दूर कल्याणपुर जंगल में चला गया।

हाथी के मौत की सूचना पर सीसीएफ सरगुजा,सूरजपुर डीएफओ पंकज कमल, रेंज अधिकारी उमेश वतराकर,सूरजपुर वन विभाग के एसडीओ अनिल सिंह,प्रतापपुर एसडीओ आशुतोष भगत,वनरक्षक देवकुमार के अलावा पशु चिकित्सा विभाग के बिश्रामपुर से डॉक्टर महेंद्र पांडेय,कल्याणपुर से डॉक्टर गोविंदा साहू व चंद्रमेढ़ा से डॉक्टर नरेंद्र पाल सिंह पैकरा की संयुक्त टीम ने सुबह मौके पर पहुंचकर विवेचना की।

तीन पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा मौके पर ही हाथी का शव पंचनामा पीएम उपरांत दफना दिया गया। बताया जा रहा है कि बंडा हाथी के हमले में कई लोगों जान जा चुकी है।



### बंडा हाथी की उम्र थी 50-55 वर्ष

पशु चिकित्सा विभाग के बिश्रामपुर के डॉक्टर महेंद्र पांडेय ने बताया कि मृत बंडा हाथी की उम्र लगभग 50-55 वर्ष की थी। इसकी मौत हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से हुई है। मृत हाथी के लीवर,किडनी,हार्ट के टुकड़े, ब्लड सैंपल व अतड़ियों का बिसरा एकत्र करके इंडियन रिसर्च वेटनरी इंस्टीट्यूट इज्जतपुर बरेली व दुर्ग भेजा गया है।

### चल रही है जांच

बताया जा रहा है कि जिस हाइटेंशन लाइन की पोल की वजह से हाथी की मौत हुई है,उस पोल में कांक्रीट किया गया था या फिर ऐसे ही पोल को खड़ा किया गया था। इस बात की वन विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

विभागीय अधिकारियों की मानें तो यहां विद्युत विभाग द्वारा यदि बिना कांक्रीट के विद्युत पोल को खड़ा किया गया होगा तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ वन विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। हालांकि जांच पूर्ण होने के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वहीं एक हाथी की मौत के बाद दूसरा हाथी कल्याणपुर जंगल में विचरण कर रहा है, इससे आसपास के प्रभावित गांव के लोग दहशत में हैं। हालांकि वन विभाग की टीम उस हाथी की गतिविधि पर नजर बनाए हुए है।

# सरगुजा के बतौली में दीपांशु ज्वेलर्स को चोरों ने बनाया टारगेट

**» 4 माह पहले घर और अब दुकान को बनाया निशाना,ज्वेलरी दुकान में चोरी,लाखों के जेवर पार**

**- संवाददाता -**
**बतौली,04 जून 2024**
**(घटती-घटना)।**

बतौली के पुराने बस स्टैंड में स्थित दीपांशु ज्वेलर्स में सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात चोरों ने शटर का ताला तोड़ कर लाखों रुपये के सोने और चांदी के जेवर और बर्तन के साथ चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। पिछले 4 माह में दीपांशु ज्वेलर्स के ऊपर चोरों ने टारगेट बना कर चोरी की है।इससे पहले भी चोरों ने संचालक मुकेश सोनी के घर से नगदी सहित 30 लाख रुपये के चोरी कर लिए थे।चार माह में दूसरी बार बड़ी चोरी से संचालक मुकेश सोनी व्यथित हो गए हैं और उनके आंखों से आंसू रुक नही रहे हैं। सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात पुराने बस स्टैंड जो बतौली का हृदय स्थल है वहाँ पर चोरों ने शटर का ताला काट कर




चोरी कर लिए। चोरों ने पुराने चांदी के पांच किलो जेवर,चांदी के 6 से 7 किलो के बर्तन,चांदी के डेढ़ किलो के सिक्के, 10 किलो के पायल,जेवर और सोने के 10 तोले के नाक की कील और जेवर चोरी हो गए हैं। चोरों ने दुकान में बिक्री कर के रखे लगभग 40 हजार रुपये भी चोरी कर लिए हैं। चोरों ने लगभग 22 किलो चांदी,10 तोला सोने के जेवर और 40 हजार रुपये पार कर दिए हैं।रुपयों में देखें तो लगभग 22 से 23 लाख रुपये के चोरी हुई हैं।मुकेश सोनी ने कहा कि उसपर और उसके परिवार पर टारगेट करके चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है।आंसू भरे आंखों से आगे कहा कि पुलिस पिछले चोरी के बारे में बात करते हुए कहती थी कि भगवान भरोसे है।भगवान के ऊपर है कि चोरी का पतासाजी हो जाये।उसके ऊपर लाखों रुपये के व्यवसायियों के कर्ज हैं और अब लाखों रुपये की चोरी ने उसे सड़क पर ला दिया है।चार माह के अंदर दो चोरियों में 50 लाख से ज्यादा की ज्वेलरी और नगदी चोरी हो गई है।

CMYK

# जब चीनी सेना ने हजारों छात्रों को बर्बरता से मारा था,दुनिया भर में मनाई गई 35 वीं बरसी

**टोक्यो, 04 जून 2024।** आज से ठीक 35 वर्ष पहले चीन की कम्युनिस्ट सरकार के आदेश पर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने एक नरसंहार को अंजाम दिया था। इस नरसंहार को तियानमेक चौक नरसंहार के नाम से जाना जाता है। आज इस नरसंहार के 35 वर्ष हो चुके हैं।

### जापान-जर्मनी में तियानमेक चौक नरसंहार को याद किया गया

जापान और जर्मनी में कई संगठनों ने तियानमेन चौक नरसंहार की 35वीं वर्षगांठ मनाई। जापान के संसद भवन में इस नरसंहार को याद किया गया। इस दौरान जापान के पूर्व मंत्री मानिको सेशू ने लोकतंत्र की महत्ता पर अपने विचार रखे। मानिको सेशू काफी लंबे समय से चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा मानवाधिकारों के हनन का विरोध करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीन के नागरिकों को दमनकारी नीतियों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। केंद्रीय तिब्बतियन प्रशासन (सीटीए) ने



इस बात की जानकारी दी है।

इस दौरान जापान और पूर्व एशिया में सीटीए के प्रतिनिधि त्सेवांग ग्याल्पो ने भी तियानमेन स्क्वायर नरसंहार पर शोक प्रकट किया। इस दौरान ग्याल्पो ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तिब्बत के लोग न तो अलगाववादी हैं और न ही चीन के खिलाफ हैं। ग्याल्पो के अनुसार सीसीपी तिब्बत के लोगों की एकजुटता को देखकर डरी हुई है।

### तियानमेन चौक नरसंहार क्या था?

4 जून 1989 को चीन के तियानमेन चौक में नरसंहार हुआ था। इस दौरान चीन के कम्युनिस्ट शासन ने लोकतंत्र की बहाली के लिए उठाई गई आवाजों को दबाने का काम किया। दरअसल, 35 वर्ष पहले हजारों छात्रों ने चीन में लोकतंत्र की बहाली के लिए आवाज उठाई थी। उस दौरान चीन की सरकार ने निहत्थे छात्रों के आंदोलन का दमन करने के लिए उनके ऊपर टैंक चढ़वा दिए। चीनी कम्युनिस्ट सरकार (सीसीपी) के निर्देशों पर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने यह कार्रवाई की थी। बताया जाता है कि इस घटना में 10 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।



## अदालत ने दिया पीटीआई पार्टी कार्यालय को फिर से खोलने का आदेश,एक दिन पहले ही मिली थी इमरान खान को जमानत

**इस्लामाबाद,04 जून 2024।** पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यालय को बंद करने के लगभग दो सप्ताह बाद उसे फिर से खोलने का आदेश दिया। राजधानी विकास प्रधिकरण (सीडीए) ने 24 मई को इस्लामाबाद में पीटीआई के कार्यालय में छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद कार्यालय को बंद कर दिया गया था, और यह आरोप लगाया गया कि कानूनों का उल्लंघन करते हुए इसका निर्माण किया गया था। पार्टी ने इस कार्रवाई को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। जस्टिस समन रिजवी ने सोमवार को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसले को सुरक्षित रख लिया। मंगलवार को फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने सीडीए को पीटीआई कार्यालय को फिर से खोलने का आदेश दिया। पीटीआई संस्थापक इमरान खान को तीन हाई प्रोफाइल मामलों में जमानत मिलने के एक दिन यह घटनाक्रम सामने आया है। पूर्व क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय इमरान खान फिछले साल अगस्त से ही जेल में बंद हैं। वह 200 में से कुछ मामलों में दोषी पाए गए थे।

## लॉस एंजिलिस से एक हफ्ते पहले गायब हुई थी भारतीय छात्रा,अब मिली सुरक्षित

**वॉशिंगटन,04 जून 2024।** अमेरिका में भारतीयों छात्रों का गायब होना या उन पर हमला होना आम बात हो गई है। हाल ही में कैलिफोर्निया में 23 साल की एक भारतीय छात्रा लापता हो गई थी। उसका एक हफ्ते तक कुछ पता नहीं लगा था। यहां तक कि पुलिस ने उसे ढूंढने के लिए लोगों की मदद मांगी थी। हालांकि,अब राहत की खबर है। छात्रा का पता लगा लिया गया है। वह सुरक्षित है। फिलहाल पुलिस ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

### 28 मई से लापता थी छात्रा

पुलिस के अनुसार,कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी सैन बर्नार्डिनो (सीएसयूएसबी) की छात्रा नितिशा कंडुला का पता लगा लिया गया है। वह 28 मई से लापता थीं। सीएसयूएसबी के पुलिस प्रमुख जॉन गुटेरेज ने रविवार को एक्स पर कहा था कि उसे आखिरी बार लॉस एंजिलिस में देखा गया था और उसके लापता होने की खबर 30 मई को मिली थी।

### सुरक्षित मिली छात्रा

अब जॉन गुटेरेज ने एक्स पर बताया कि कंडुला का पता लगा



लिया गया है। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि वह कैसे और कहां मिली। उन्होंने कहा, 28 मई, 2024 को छात्रा के लॉस एंजिल्स में लापता होने की सूचना मिली थी, उसका पता लगा लिया गया है और वह सुरक्षित है!

### अबतक आठ छात्र मृत मिले

इस साल कई भारतीय छात्रों के लापता होने या मृत पाए जाने की कई घटनाएं सामने आई हैं। इस साल यानी 2024 में अमेरिका में आठ भारतीय और भारतीय मूल के छात्रों की मौत हो चुकी है। भारतीय छात्रों पर लगातार हमले की घटनाएं भी सामने आई हैं। इस वजह से वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों में डर का माहौल है।

अप्रैल में एक 25 साल का भारतीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफत अमेरिका के ओहियो राज्य के क्लीवलैंड में मृत पाया गया था। वह हैदराबाद का रहने वाला था और क्लीवलैंड विश्वविद्यालय में आईटी का छात्र था।

मार्च 2024 में वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के छात्र और कुचुपुड़ी डांसर अमरनाथ घोष को सेंट लुइस में गोली मार दी गई थी। पश्चिम बंगाल के रहने वाले अमरनाथ घोष साल 2023 में अमेरिका चले गए थे। घोष के शरीर पर कई गोलियां दागी गई थी, जिस वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

5 फरवरी 2024 को भारतीय मूल के छात्र समीर कामथ का शव इंडियाना क्षेत्र में मिला था। समीर कामथ पर्ड्यू विश्व विद्यालय के छात्र थे।

2 फरवरी 2024 को वाशिंगटन में एक रेस्तरां के बाहर भारतीय मूल के आईटी एग्जीक्यूटिव विवेक तनेजा पर हमला हुआ था। इस हमले में उनकी मौत हो गई थी।

जनवरी में अमेरिका में एक और भारतीय मूल के छात्र की मौत हो गई थी। छात्र का नाम अकुल धवन था और वो इलिनोइस विश्वविद्यालय अर्बाना-शैंपेन के छात्र थे।

## कवि अहमद फरहाद शाह को बड़ा झटका...पीओके की एक अदालत ने जमानत याचिका खारिज की

**इस्लामाबाद,04 जून 2024।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के कवि और पत्रकार अहमद फरहाद शाह को मंगलवार को अदालत से झटका लगा है। यहां के मुजफ्फराबाद शहर की एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। बता दें, अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक,शाह की पत्नी उरूज जैनब का कहना है कि वह इस फैसले को चुनौती देंगी। साथ ही पत्रकारों से कहा कि अभी तक यह नहीं बताया गया है कि आखिर जमानत क्यों खारिज की गई है।

अपनी विद्रोही कविताओं के लिए मशहूर फरहाद हाल ही में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध-प्रदर्शन के दौरान लापता हो गए थे। 14 मई को रावलपिंडी से लापता होने के एक दिन बाद उनकी पत्नी उरूज जैनब ने उन्हें खोजने के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में याचिका दायर की थी। याचिका में बताया गया था कि



उनके पति दो हफ्ते से गायब हैं और रावलपिंडी स्थित घर से उनका अपहरण कर लिया गया था।

### हाईकोर्ट की सख्ती से हरकत में आईं थीं खुफिया एजेंसियां

इस पर याचिका पर सुनवाई कर रहे जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी ने 24 मई को पाकिस्तान की सभी खुफिया एजेंसी, जिनमें आईएसआई, मिलिट्री इंटेलीजेंस और डायरेक्टर ऑफ इंटेलीजेंस ब्यूरो के साथ ही कानून मंत्री आजम तरार, रक्षा और आंतरिक मामलों के सचिवों को आठ पेज का समन भेजा था। इस समन के बाद बीते बुधवार को किसी खुफिया एजेंसी के अधिकारी तो कोर्ट में पेश नहीं हुए, लेकिन अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान कोर्ट में पेश हुए और उन्होंने बताया कि फरहाद फिलहाल पीओके पुलिस की हिरासत में हैं।

हालांकि किसी खुफिया एजेंसी ने फरहाद को हिरासत में रखने की जिम्मेदारी नहीं ली। अटॉर्नी जनरल अवान ने पीओके के धीरकोट पुलिस थाने की पुलिस रिपोर्ट भी दिखाई, जिसमें फरहाद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस्लामाबाद पुलिस के प्रमुख ने कोर्ट को बताया था कि फरहाद पीओके पुलिस की हिरासत में हैं और पीओके इस्लामाबाद पुलिस के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता है।

### कोर्ट ने जताई थी नाराजगी

कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि अगर कोई व्यक्ति इस तरह गायब हो जाता है और फिर नहीं मिलता तो ये एक देश के तौर पर असफलता होगी। फरहाद विद्रोही कविताएं लिखने के लिए जाने जाते हैं और इसी वजह से वह पाकिस्तानी सरकार के निशाने पर हैं। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों के जवाब में कहा गया था कि फरहाद को गिरफ्तार कर लिया गया था और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पुलिस हिरासत में था। इसके बाद फरहाद के परिवारवालों ने मुजफ्फराबाद के बाहर कहोरी पुलिस थाने में उनसे मुलाकात की थी।

सुनवाई में सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपस्थित अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल मुनव्वर इकबाल ने अदालत को बताया था कि कवि दो जून तक रिमांड पर है और कवि के परिवार को उससे मिलने की अनुमति दी गई है। इसके बाद इकबाल ने अदालत से अवैध कारावास के मामले को समाप्त करने का आग्रह किया था।

### पुलिस ने कवि को किया था गिरफ्तार

हालांकि,फरहाद के वकील ने तर्क दिया कि कवि का परिवार पीओके के धीरकोट पुलिस स्टेशन गया था, लेकिन वह वहां नहीं मिला। बाद में परिवार को सूचित किया गया था कि कवि को जांच के लिए मुजफ्फराबाद ले जाया गया है।


जस्टिस कयानी ने दलीलें सुनने के बाद मामले को समाप्त करने की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि जिस दिन फरहाद को अदालत में पेश किया जाएगा, उसी दिन मामला समाप्त हो जाएगा। बाद में, अदालत ने सुनवाई सात जून तक के लिए स्थगित कर दी।

अहमद फरहाद शाह की पत्नी सईदा उरूज जैनब ने अदालत में दायर याचिका में कहा था कि उनके पति पर कई महीनों से सरकारी एजेंसियों का दबाव है क्योंकि वे ऐतिहासिक फैसला चाहती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 38 वर्षीय शाह, जिनकी जड़ें पीओके के बाग जिले में हैं, को उनके सत्ता-विरोधी रुख के कारण 15 मई को रावलपिंडी के गैरीसन शहर में उनके घर से आईएसआई ने अगवा कर लिया था।

## नेपाल में जमकर बरसेंगे बदरा...18 लाख लोग होंगे प्रभावित,जानें कब होगी मानसून की एंट्री

**काठमांडू,04 जून 2024।** नेपाल में भीषण गर्मी पड़ रही है। लोगों का लू से बुरा हाल है। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राहत भरी खबर दी है। यहां 13 जून को मानसून के पहुंचने की उम्मीद है, जो एक जुलाई तक चलेगा। यहां की सरकार ने चेतावनी दी है कि मौसम के दौरान बारिश से संबंधित घटनाओं से 18 लाख लोग प्रभावित हो सकते हैं।

गृह मंत्रालय ने आगामी मानसून के मौसम से निपटने के लिए सोमवार को राष्ट्रीय जोखिम न्यूनीकरण और तैयारी कार्यक्रम 2024 शुरू किया। मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि हिमालयी राष्ट्र में मानसूनी बारिश से आई बाढ़ और भूस्खलन से 412,000 घरों के 18 लाख लोग प्रभावित होंगे।



राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता दीजन भट्टाराई के अनुसार, इस साल प्राकृतिक आपदा के कारण लगभग 83,000 परिवार प्रभावित होंगे। 18,000 परिवारों को राहत सामग्री की आवश्यकता होगी। मंत्रालय ने आगामी आपदा से लड़ने के लिए 10,000 से अधिक सैन्यकर्मियों सहित 31,000 सुरक्षा कर्मियों को लगाने का फैसला किया है।

नेपाल सेना बचाव और राहत कार्यों के लिए काठमांडू, पोखरा, इटाहरी, भरतपुर और सुरखेत में हेलीकॉप्टरों को भी तैनात करेगी।

बता दें, पिछले साल देशभर में आपदा से संबंधित 679 घटनाओं में 63 लोग मारे गए थे। कम से कम 69 लोग घायल हो गए, और प्राकृतिक आपदा से संबंधित घटनाओं के कारण 30 लोग लापता हो गए। सरकार ने आपदा संभावित क्षेत्रों में लोगों को सतर्क रहने को कहा है।

## चीन की अंतरिक्ष में ऊंची छलांग,चांद के अंधेरे वाले हिस्से से मिट्टी लेकर धरती की ओर निकला चांग ई-6

**बीजिंग,04 जून 2024।** चीन का चंद्रमिशन चांग ई-6 का एसेंडर अब धरती पर वापस आ रहा है। जैसे ही एसेंडर पृथ्वी पर उतरेगा वैसे ही बीजिंग एक इतिहास रच लेगा। बता दें, एसेंडर मिट्टी और पत्थर का सैंपल लेकर धरती की ओर वापस आ रहा है। एसेंडर यानी वह यंत्र जो चांद की सतह से वापस उसकी कक्षा में आया है।अब वहां से सैंपल लेकर धरती की तरफ आ रहा है।



गौरतलब है,चीन की स्पेस एजेंसी सीएनएसए ने कहा कि इस यान के पिछले महीने लॉन्च किया गया था। जो दो दिन पहले यानी दो जून को चांद के अंधेरे वाले हिस्से में उतरा था। चंद्रमिशन चांग ई-6 सफलतापूर्वक चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा था। जिस जगह चीन का चंद्रयान उतरा था, वह चांद का दूरस्थ इलाका है। इस मिशन के साथ ही चीन ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी छलांग लगाई है। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि चांग ई-6 चांद के दक्षिणी ध्रुव के एटकेन बेसिन क्रेटर पर उतरा। यह क्रेटर अभी तक का ज्ञात सबसे बड़ा क्रेटर है।

## हमारी दोस्ती अटूट... एक साथ धड़कते हैं चीन-पाकिस्तान के दिल

**बीजिंग/इस्लामाबाद,04 जून 2024।** पाकिस्तान में नई सरकार के गठन के बाद अब पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते मजबूत करने की कवायद हो रही है। तीन महीने पहले ही प्रधानमंत्री बने शहबाज शरीफ ने चीन और पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों को सदाबहार करार दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध अटूट हैं। पीएम शहबाज शरीफ अरबों डॉलर की चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के दूसरे चरण का शुभारंभ भी करेंगे। पीएम शरीफ ने चीन रवाना होने से पहले यह बातें कहीं। शरीफ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 4 से 8 जून तक चीन में रहेंगे। चीनी मीडिया को दिए एक



साक्षात्कार में 72 साल के पीएम शरीफ ने कहा, हमारी दोस्ती अटूट है और हमारे दिल एक साथ धड़कते हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा, गर्म मौसम के बावजूद हमारे रिश्तों की गर्मजोशी पर असर नहीं पड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चीन ने मुश्किल समय में पाकिस्तान का साथ दिया है। पाकिस्तान चीन को दुनिया भर में सबसे भरोसेमंद दोस्तों में से एक मानता है। अपनी 40 साल पुरानी यात्रा को याद करते हुए पीएम शहबाज ने कहा, चीन की अपनी पहली यात्रा पर उन्होंने देखा कि देश अविकसित है, लेकिन आज आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के जोरदार विकास की बदौलत आज वह अपने लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले मे आरोपी किया गया गिरफ्तार

» **थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा मामले मे त्वरित कार्यवाही कर चंद घंटो मे आरोपी कों गिरफ्तार कर की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही**

» **नाबालिग सम्बन्धी अपराधों मे सरगुजा पुलिस द्वारा की जा रही लगातार सख्त कार्यवाही**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 जून 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत नाबालिग सम्बन्धी अपराधों मे संलिप्त आरोपियों की लगातार धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थिया द्वारा दिनांक 03/06/24 कों थाना गांधीनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गांधीनगर निवासी मनु कुमार केरकेट्टा द्वारा घटना दिनांक



25/12/22 कों प्रार्थिया के साथ जबरन दुष्कर्म कर घटना के बारे मे किसी कों बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई हैं, मामले मे प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना गांधीनगर मे अपराध क्रमांक 326/24 धारा 376, 506 भा.द.वि. एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 का अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले मे शामिल आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था,पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के आरोपी मनु कुमार केरकेट्टा की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम मनु कुमार केरकेट्टा उम्र 45 वर्ष साकिन शाहपुर थाना कुसमी जिला बलरामपुर हाल मुकाम गांधीनगर थाना गांधीनगर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर आरोपी कों न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।


सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक रश्मि सिंह, प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप प्रधान आरक्षक चंद्र प्रकाश टंडन,महिला आरक्षक तेजेश्वरी राजवाड़े आरक्षक संजीव पांडे, पवन यादव, घनश्याम देवांगन शामिल रहे।

CMYK

# आखिर कहां रही कमी जो विधानसभा का प्रदर्शन

# चार माह में ही नहीं दोहरा सकी भाजपा ?

## भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को कोरबा लोकसभा सीट से मिली हार विभाजित कोरिया की तीनों विधानसभाओं ने उन्हे किया निराश







**-विशेष संवाददाता-**
**कोरिया/कोरबा,04 जून 2024 (घटती-घटना)।**
अंततः कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को करारी हार का सामना करना पड़ा और वर्तमान लोकसभा सांसद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रत्याशी पुनः चुनाव जीत गईं। भाजपा कोरबा लोकसभा में चुनाव जीत जायेगी और वह किसी भी प्रत्याशी के भरोसे इस चुनाव में मोदी लहर के सहारे जीत दर्ज कर ले जायेगी यह भरोसा ही केवल लेकर पार्टी के लोग बैठे रह गए और जमीन पर धरातल पर पार्टी संगठन के बड़े नेताओं ने ध्यान नहीं दिया और प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को उन विधानसभाओं में भी हार का मुंह देखना पड़ा जहां हाल में ही संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को बड़ी बढ़त मिली थी और जिसे भाजपा संगठन एयर सत्ता में बैठे निर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्हाल नहीं सके। कोरिया जिले में जहां उम्मीद थी की विधानसभा का प्रदर्शन भाजपा दोहरा ले जायेगी और बड़ी बढ़त लोकसभा प्रत्याशी को भाजपा संगठन दिला पाएगा वैसा नहीं हुआ और भाजपा प्रत्याशी जिले की एक विधानसभा से भी पिछड़ गईं,कोरिया जिले में जिलाध्यक्ष भाजपा एकला चलो की नीति पर लगातार चल रहे थे संगठन में कार्य विभाजन को लेकर और प्रत्याशी की जीत के लिए उनको पूरे चुनाव प्रचार के दौरान कभी भी गंभीर नहीं देखा गया वहीं हर काम जिलाध्यक्ष अकेले अपने पुत्र के साथ ही करने की ठान चुके थे दो एक अन्य पदाधिकारी उनके साथ थे और बाकी कार्यकर्ता क्या करना है क्या रणनीति है उससे अनजान थे। कोरिया जिले के अलावा बात यदि एमसीबी जिले की हो तो वहां की जिम्मेदारी स्वास्थ्य मंत्री की थी और उन्होंने भी चुनाव को गंभीरता से नहीं लिया और परिणाम यह हुआ की एमसीबी जिले की दोनों विधानसभाओं में भी भाजपा प्रत्याशी की करारी हार हुई और उन्हे पराजय का मुंह देखना पड़ा,स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा जिलाध्यक्ष एमसीबी का नेतृत्व भी प्रत्याशी को जीत नहीं दिला सका और वहां से भी भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हार गईं।

## आखिरकार एक बार फिर घटती घटना का अंदेशा हुआ सही










घटती घटना ने पहले ही अंदेशा जाहिर कर दिया था की कोरिया सहित एमसीबी जिले में लोकसभा प्रत्याशी को जीत मिल पाना आसान नहीं है।बिखरा पड़ा संगठन परिवारवाद के साथ खड़े नेतृत्वकर्ता घातक होंगे प्रत्याशी की जीत के हिसाब से यह आंकलन पहले ही जाहिर किया गया था हुआ भी वैसा ही। भाजपा नेताओं के मोदी लहर के भरोसे बैठे रहने की वजह से प्रत्याशी की हार तय हो गई। प्रदेश की सत्ता मंत्री विधायक क्षेत्र से होने के बाद भी अपने ही प्रत्याशी को वह जीत नहीं दिला सके जबकि प्रत्याशी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थीं। वैसे जिलाध्यक्ष कोरिया भाजपा खुद प्रत्याशी बनना चाह रहे थे वहीं वह जब प्रत्याशी नहीं बनाए गए नाराज भी नजर आए कुछ अन्य भी थे जो प्रत्याशी बनना चाह रहे थे वह भी नाराज थे




कुछ विधानसभा में टिकट न मिलने से नाराज थे सबने मिलकर प्रत्याशी की हार तय कर दी यह अंदेशा पहले से देखा जा रहा था।

### विरोध के बाद भी ज्योत्सना महंत की जीत बीजेपी के मुंह पर तमाचा

जिला विभाजन क्षेत्र से पांच साल नदारद रहने सहित क्षेत्र में कोई ऐसा काम न करना जो उपलब्धि कही का सके एक सांसद की और जिसे निष्क्रियता ही कहा जा सकता है के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी का जीत जाना भाजपा के मुंह पर तमाचा है। न मंत्री न विधायक न ही जिलाध्यक्ष कोई नहीं जीत दिला सका प्रत्याशी को सत्ता हांथ में रहते हुए। वैसे सांसद बतौर निश्चित रूप से कोई ऐसा काम कांग्रेस प्रत्याशी ने नहीं किया था जो वह दोबारा जीत सकें लेकिन वह जीत गईं।

### भाजपा के जिलाध्यक्षों की होगी छुट्टी ?

क्या भाजपा जिलाध्यक्षों की छुट्टी होगी अब। कोरिया जिले में खासकर जिलाध्यक्ष को लेकर पहले से पार्टी के भीतर आक्रोश है और कार्यकर्ता घुटन महसूस कर रहे हैं वैसे माना जा रहा है की हार की जिम्मेदारी लेकर जिलाध्यक्षों को खुद पद छोड़ देना चाहिए लेकिन क्या वह पद मोह छोड़ पाएंगे या वह हटाए जाने पर ही हटेंगे यह देखने वाली बात होगी।

## ज्योत्षना महंत ने कोरबा लोकसभा के जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं एवं परिवार को दिया

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे के आने के बाद श्रीमती ज्योत्षना महंत मीडिया से रूबरू होते हुए अपने सरल स्वभाव के अनुरूप कहा कि,यह जीत कार्यकर्ताओं एवं परिवार की जीत है, जिन्होंने दिन रात मेहनत कर मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया । उन्होंने कहा के उन्हे विश्वास था कि कोरबा लोकसभा की जनता एक बार पुनः उन्हे अपना आशीर्वाद देगी ,और जिसके लिए वे क्षेत्र की जनता का दिल से धन्यवाद दिया । उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जो भी अधूरे कार्य पिछले कार्यकाल में रह गए वह उन्हें पूरा करेगी साथ ही स्वास्थ्य, प्रदूषण, सड़क,पानी एवं भूविस्थापितों से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने इस दौरान दुख प्रकट करते हुए कहा कि ये जीत उनके लिए और भी अधिक खुशी का पल होता यदि प्रदेश के अन्य लोकसभा सीटों से चुनाव में उतरे उनके साथी गण अपने अपने सीट से जीत कर आते। उन्होंने कहा के सायद ऊपर वाले की यही मर्जी रही होगी इसलिए मैं अकेली पूरे ग्यारह लोक सभा से अकेली जीत कर पहूंची हूं, इसलिए मेरे लिए यह सीट अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है साथ ही जनता का एक बार पुनः मुझपर किया गया भरोसा को बरकरार रखते हुए उनके समस्याओं का निराकरण करने मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी । आपको बता दे कि मतदान के दौरान उनसे पूछे जाने पर के मतदान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का बढ़चढ़ कर चुनाव में भाग लेने से क्या ज्योत्षना महंत को इसका लाभ मिलेगा। तब उन्होंने बड़े दृढ़ता के साथ कहा था के हां मिलेगा और पूरा पूरा मिलेगा जो आज नतीजे आने पर साफ हो गया के तब का दृढ़ निश्चय से कही गई बात का आज उनके दोबारा कोरबा लोकसभा से सांसद बनना तय कर दिया।

---

**स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ विधायक,पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री एवम भरतपुर सोनहत विधायक,पूर्व कैबिनेट मंत्री बैकुंठपुर विधायक नहीं दिला सके अपने विधानसभाओं में बढ़त**

**विभाजित कोरिया के दो भाजपा जिलाध्यक्ष सहित संगठन की भी कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल ?**

**कोरबा लोकसभा प्रत्याशी चुनाव प्रचार के दौरान ही गईं थीं भांप,सबसे ज्यादा कमजोर है विभाजित कोरिया जिले की तीनों विधानसभाएं**

**खुद विभाजित कोरिया जिले की तीनों विधानसभाओं में भाजपा की कोरबा लोकसभा प्रत्याशी ने दिया था सबसे ज्यादा समय**

**जिला विभाजन की नाराजगी भी नहीं भुना पाई कोरिया एमसीबी भाजपा,कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा के लिए सबसे मजबूत बैकुंठपुर विधानसभा से भी पिछड़ी भाजपा**

**स्वास्थ्य मंत्री भी अपने जिले में नहीं सम्हाल पाए भाजपा की तरफ से मिली विरासत, दोनों विधानसभाओं में हारी भाजपा**

**क्या स्वास्थ्य मंत्री की होगी मंत्रीमंडल से छुट्टी या लेंगे वह नैतिक जिम्मेदारी हार की...देंगे इस्तीफा ?**

**क्या कोरिया सहित एमसीबी भाजपा जिलाध्यक्ष भी लेंगे नैतिक जिम्मेदारी देंगे इस्तीफा या पार्टी करेगी उनकी छुट्टी ?**

**कार्यकर्ता दिखे निराश,कार्यकर्ताओं ने माना जिला संगठन की तानाशाही और एकला चलो की नीति के कारण हुई हार**

**स्वास्थ्य मंत्री को झारखंड में भी मिला था प्रचार का प्रभार,झारखंड में भी स्वास्थ्य मंत्री के प्रभार वाले लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को मिली हार**

**झारखंड के राजमहल लोकसभा सीट पर प्रचार करने पहुंचे थे स्वास्थ्य मंत्री,प्रचार से ज्यादा ड्रोन से अपनी छवि चमकाते और भ्रमण करते तस्वीर डालते नजर आते थे स्वास्थ्य मंत्री**

---

### स्वास्थ्य मंत्री,वाणिज्य और उद्योग मंत्री वहीं चार अन्य विधायक चार जिलाध्यक्ष मिलकर जब उनकी भाजपा प्रत्याशी की शिकस्त को नहीं रोक सके

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कोरबा लोकसभा प्रत्याशी कोरिया सहित एमसीबी जिले की स्थिति कुछ हद तक भांप चुकी थीं प्रचार के दौरान और जिसके कारण वह क्षेत्र में काफी मेहनत भी करती नजर आईं थीं लेकिन उनकी मेहनत भी काम इतनी ही आ सकी की उनकी हार और बड़ी हार में तब्दील होने से बच गई वरना स्वास्थ्य मंत्री,वाणिज्य और उद्योग मंत्री वहीं चार अन्य विधायक चार जिलाध्यक्ष मिलकर जब उनकी शिकस्त को नहीं रोक सके अपना ही प्रदर्शन वह विधानसभा चुनाव का नहीं दोहरा सके तो वह या उनकी मेहनत से और उनकी सक्रियता से प्रत्याशी इतना मत पा सकीं यह कहना सही नहीं होगा और कहना होगा की मोदी लहर और खुद प्रत्याशी की अपनी मेहनत से जो मत उन्हे मिल सके वह मिल पाए और मंत्री विधायक जिलाध्यक्ष उनके लिए समर्पित भाव से काम करने में असमर्थ साबित हुए।

### कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी को भाजपा के कई अन्य नेताओं ने भी दिग्भ्रमित किया

कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी को भाजपा के कई अन्य नेताओं ने भी दिग्भ्रमित किया और उनसे ऐसे लोगों की मुलाकात कराई और उन्हे संसाधन दिलवाने का काम किया जो भाजपा के पक्ष में कभी नजर नहीं आए कभी क्षणिक लालच में संसाधन के लिए इधर उधर भटकते ऐसे लोग भी उनसे लाभ ले गए। वैसे भाजपा कोरिया जिले एमसीबी जिले में उनसे भी मात खा गई जो भाजपा के बड़े कद्दावर नेता बनते हैं लेकिन जब चुनाव की बात आती है वह खुद के चुनाव में ही रुचि दिखाते हैं अन्य चुनाव और अन्य के नेतृत्व में वह घुटन महसूस करते हैं और वह कमियों को दूर करने की बजाए कमियों को उजागर करते हुए पार्टी को ही कमजोर कर जाते हैं।

### नैतिक जिम्मेदारी लेकर पद त्याग देंगे या पार्टी के मंत्री ?

कुल मिलाकर भाजपा की कोरबा लोकसभा सीट की प्रत्याशी के लिए जो समर्पण जिम्मेदार लोगों को जाहिर करना था प्रदर्शित करना था वह वह नहीं कर सके और प्रत्याशी की हार तय हो गई। कोरिया से हार एमसीबी जिले से हार के बाद अब सवाल उठ रहा है की क्या अब स्वास्थ्य मंत्री खुद नैतिक जिम्मेदारी लेकर स्तीफा देंगे या पार्टी उन्हे पद से हटाएगी या वह फिर भी बने रहने वाले हैं वहीं जिलाध्यक्ष भी क्या खुद नैतिक जिम्मेदारी लेकर पद त्याग देंगे या पार्टी उन्हे पद से हटाएगी। कुल मिलाकर आने वाले समय में यह देखने वाली बात होगी की क्या भाजपा कोरिया जिले एमसीबी जिले में बड़ा बदलाव करने जा रही है। वैसे कोरबा से विधायक और वाणिज्य उद्योग मंत्री भी क्या मंत्री मंडल से स्तीफा देंगे या पार्टी उन्हे मंत्री मंडल से हटाएगी यह भी देखने वाली बात होगी क्योंकि जिम्मेदारी तो बनती है क्योंकि इसी आधार पर पद प्रदान किए जाते हैं पार्टी में।

### ज्योत्सना महंत कोरिया जिले के पुराने गड्ढे को पाट कर अभिभाजित कोरिया जिले से बना सकीं बढ़त

कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा चुनाव के अंतर को दूर कर विभाजित कोरिया जिले की तीनों विधानसभाओं से जीत दर्ज कर सकीं। माना जा रहा था की वह इस बार भी पिछली बार की तरह पिछड़ जाएंगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के पीछे जो सबसे बड़ा कारण रहा वह यह रहा की उनके लिए पूरी कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर लड़ रही थी वहीं भाजपा के जिम्मेदार लोग केवल भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए अभिनय कर रहे थे देखा जाए तो भाजपा प्रत्याशी अंत तक भाजपा नेताओं मंत्रियों विधायकों सहित जिलाध्यक्षों के बीच सामंजस्य उन्हे निर्देशित ही करती रह गई और कांग्रेस प्रत्याशी जीत एक तरह से छीन ले गई। कांग्रेस तीनों विधानसभाओं में एकजुट रही पूरे चुनाव के दौरान जिसका फायदा मिला कांग्रेस प्रत्याशी को।

### ज्योत्सना महंत ने लगातार दूसरी बार लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को हराया

कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने दूसरी बार कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को मात दी है।वह इस लोकसभा के गठन के बाद दूसरी बार जितने वाली पहली प्रत्याशी भी हो गई हैं वहीं चरण दास मंहत की कुशलता खासकर अपने चुनाव के लिए वह भी साबित कर ले गए उन्हे खुद सहित परिवार के मामले में हमेशा जीत दर्ज करने वाला नेता कहना गलत नहीं होगा। वैसे कोरबा लोकसभा सीट से दोनों ही दलों के प्रत्याशी बाहरी थे और बाहरी भीतरी का कोई मुद्दा भी नहीं था फिर भी कांग्रेस प्रत्याशी जीत दर्ज कर ले गईं।

### क्या कोरबा लोकसभा के भाजपा विधायक व मंत्री लेंगे हार का जिम्मा,क्या मंत्री दोनों नैतिक जिम्मेदारी लेकर देंगे मंत्री पद से इस्तीफा या पार्टी खुद ही पद से हटाने का लेगी फैसला ?

अब भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के चुनाव कोरबा लोकसभा सीट से हार जाने के बाद यह भी सवाल खड़ा हो रहा है की क्या लोकसभा से भाजपा सरकार में बनाए गए दो मंत्री हार का जिम्मा लेंगे वहीं वह नैतिक जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा देंगे। वैसे यदि वह खुद स्तीफा नहीं देते हैं तो क्या पार्टी उन्हे जिम्मेदार मानकर इस्तीफा देने कहेगी क्योंकि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदर्शन के आधार पर मंत्रीमंडल का स्वरूप होगा यह कहा जाता रहा है सुना जाता रहा है। वैसे विधायकों की भी जिम्मेदारी बनती है उन्होंने मेहनत की होती आसानी से यह सीट भाजपा जीत जाती लेकिन मोदी लहर के भरोसे और प्रत्याशी की खुद के मेहनत के भरोसे उसे छोड़ा गया और वह चुनाव हार गईं।

### कोरबा से भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी भाजपाइयों के आपसी षड्यंत्र का शिकार तो नहीं हुई ?

सवाल यह भी है की क्या कोरबा से भाजपा की प्रत्याशी भाजपाइयों के आपसी षड्यंत्र का शिकार तो नहीं हो गई। भाजपा कोरिया सहित एमसीबी जिले वहीं कोरबा जिले में भाजपा के संगठन और सत्ता के बीच तालमेल का अभाव है ऐसा सुना जाता रहा है वहीं कोरिया जिले का संगठन तो पूरी तरह एकला चलो की ही राह पर था और परिणाम समाने विपरीत भी आया। वैसे संगठन से नाराज विधायक से नाराज इसलिए भी लोग थे क्योंकि विधायक एक दो सलाहकार मात्र से घिर चुके हैं वहीं जिलाध्यक्ष की टीम में मात्र दो से तीन लोग ही हैं जिन्हे वह विश्वासपात्र मानते हैं और स्वस्फूर्त जो हो सका वह कार्यकर्ता कर गए वहीं संसाधन भी कार्यकर्ताओं को नहीं मिला। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम भी असफल होना जिले में बताता है की कैसे प्रत्याशी की जीत के लिए कोरिया भाजपा मौन धारण कर मोदी लहर के भरोसे बैठी थी।

CMYK

# क्या मनमुताबिक खबरों से ही खुश होते हैं सूरजपुर के स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम और दोषपूर्ण कार्यप्रणाली उजागर करने पर होते हैं नाराज ?

## जब दोषपूर्ण कार्यप्रणाली करता है समाचार पत्र प्रकाशित...लगाते हैं मानहानि का आरोप




-रवि सिंह-
बैकुंठपुर/सुरजपुर,04 जून 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के पूर्व प्रभारी डीपीएम वहीं सूरजपुर जिले के वर्तमान प्रभारी डीपीएम डॉक्टर प्रिंस जायसवाल जब अपने मन मुताबिक खबर समाचार पत्रों में पढ़ पाते हैं काफी प्रसन्न रहते हैं खुश रहते हैं वहीं उनकी दोषपूर्ण कार्यप्रणाली को लेकर यदि खबर का प्रकाशन कर दिया जाता है वह नाराज हो जाते हैं कानूनी कार्यवाही की धमकी देते हैं मानहानि की बात करते हैं। यह बात लगातार देखने को मिली है। यह बात ऐसे ही नहीं कही जा रही है यह बिल्कुल देखा गया है और सच बात है की प्रभारी डीपीएम डॉक्टर प्रिंस जायसवाल को खबर भी अपने मन मुताबिक चाहिए अखबारों में और जो पत्रकार ऐसा नहीं करता है उनके विरुद्ध उनकी दोषपूर्ण कार्यप्रणाली को लेकर समाचार लिखता है वह उसे दबाने का प्रयास करते हैं उसे डराने धमकाने के लिए वह कानूनी नोटिस भेजते हैं। वैसे घटती-घटना को भी प्रभारी डीपीएम ने नोटिस भेजा है जिसको लेकर घटती-घटना बिल्कुल तैयार है माननीय न्यायालय जाने के लिए और वहीं वह अपनी तरफ से साक्ष्य प्रस्तुत करेगा की वह किस आधार पर उनके विरुद्ध खबरों का प्रकाशन कर रहा है।

वैसे कोरिया जिले में कार्यरत रहते हुए प्रभारी डीपीएम ने जमकर भ्रष्टाचार किया है और भ्रष्टाचार की बदौलत उन्होंने अपनी ऊंची पकड़ भी स्थापित की है और अपने अनुसार वह कई समाचार पत्रों में खबरों का प्रकाशन भी करवाते हैं। कुल मिलाकर डॉक्टर प्रिंस जायसवाल सब कुछ अपने अनुसार चाहते हैं और ऐसा नहीं होने पर वह उग्र हो जाते हैं और अपना आपा खो देते हैं। वैसे उनको लेकर यह भी देखा गया है की वह अपने स्वार्थ पूर्ति तक ही किसी के साथ रहते हैं स्वार्थ पूर्ति उपरांत वह खुद को किनारे कर लेते हैं और जिसने साथ दिया या जिसने उन्हे पैठ बनाने का पहला मौका दिया उसे ही वह ठिकाने लगाने का प्रयास करते हैं। ऐसा शर्मा अस्पताल बैकुंठपुर के संचालक के मामले में देखा गया है क्योंकि शर्मा अस्पताल के संचालक के साथ ही पहले वह नर्सिंग कॉलेज का संचालन करते हैं शर्मा अस्पताल के संचालक का भवन इस्तेमाल करते हैं और बाद में स्वार्थ सिद्धी उपरांत वह खुद शर्मा अस्पताल संचालक के विरुद्ध हो गए यहां तक की शर्मा अस्पताल संचालक के भवन को वह खाली भी नहीं करते बल्कि वह मामले में न्यायालय तक चले जाते हैं जबकि शर्मा अस्पताल के संचालक ही उन्हे सबसे पहले अवसर प्रदान करने वाले व्यक्ति थे। वैसे अब डॉक्टर प्रिंस जायसवाल खुद शिकायतकर्ता बन चुके हैं और अब वह जगह जगह लोगों के विरुद्ध शिकायत कर रहे हैं और इसके पीछे की वजह उनकी खीझ है क्योंकि उनकी जो भी कलई खोलता है उनके भ्रष्टाचार मामले को उजागर करता है वह उसके पीछे शिकायत-विज्ञप्ति लेकर घूमते देखे जाते है।

### निजी नर्सिंग कॉलेज की बिजली व्यवस्था बाधित करने के मामले में दैनिक घटती घटना ने बड़ी प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया था


सेवा भावना की मिसाल पेश कर रहे बैकुंठपुर के एक डॉक्टर को उच्च न्यायालय से मिली फटकार

निजी हॉस्पिटल संचालक भाजपा नेता डॉक्टर के भवन में किराए से संचालित है निजी नर्सिंग कॉलेज

ज्ञात हो की मामला भवन किराए से जुड़ा हुआ था और जिसकी ही वजह से निजी हॉस्पिटल संचालक डॉक्टर ने अपने ही एक भवन में संचालित किराए से निजी नर्सिंग कॉलेज की बिजली कटवाई थी जिसकी शिकायत नर्सिंग कॉलेज संचालक ने उच्च न्यायालय में की जहां से डॉक्टर को फटकार मिली। डॉक्टर के भवन में किराए से संचालित नर्सिंग कॉलेज में फिलहाल 117 छात्र छात्रा नर्सिंग की पढ़ाई कर रहें हैं और उनकी पढ़ाई में व्यवधान मामले में उच्च न्यायालय ने त्वरित निर्णय दिया और फटकार के बाद डॉक्टर ने जो भवन मालिक हैं के द्वारा बिजली व्यवस्था तत्काल सुचारी रूप से जारी कराई गई और तब मामला ठंडा पड़ सका। बता दें की बैकुंठपुर शहर के बीचों बीच एक नर्सिंग कॉलेज संचालित है जो एक निजी हॉस्पिटल संचालक भाजपा नेता टिकट के भाजपा के सभी तरह के चुनाव के दावेदार डॉक्टर का भवन है जिसे उन्हे नर्सिंग कॉलेज संचालक को वर्ष 2016-2017 से किराए पर दे रखा है, इस बीच नर्सिंग कॉलेज संचालक सहित डॉक्टर के बीच किराए को लेकर विवाद हुआ और डॉक्टर ने नर्सिंग कॉलेज की छवि खराब करने साथ ही वहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न कर नर्सिंग कॉलेज की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जिस प्रयास के दौरान डॉक्टर ने नर्सिंग कॉलेज की बिजली ही कटवा दी, मामला उच्च न्यायालय पहुंचा फिर निराकरण हो सका और फटकार के बाद बिजली व्यवस्था तत्काल बहाल हुई इस खबर को घटती-घटना ने बड़ी प्रमुखता से 24 सितम्बर 2023 प्रकाशित किया था।

### सरकारी कर्मचारी होते हुए आखिर किसकी अनुमति से करते हैं शिकायत ?

डॉक्टर प्रिंस जायसवाल एक शासकीय कर्मचारी हैं, शासकीय कर्मचारी रहते हुए वह काफी चर्चित भी रहे हैं और हैं भी क्योंकि उनकी कार्यप्रणाली हमेशा दोषपूर्ण रही है और भ्रष्टाचार से उनका नाता जुड़ता रहा है ऐसे में उनकी शिकायत भी होती रही है और हो भी रही है। अब वह उन सभी के विरुद्ध शिकायत करते नजर आ रहे हैं जो उनकी कार्यप्रणाली को लेकर उनका पोल खोलने का प्रयास कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है की क्या उन्हे शासकीय कर्मचारी रहते हुए इसका अधिकार है? क्या वह एक शिकायतकर्ता बनकर काम करने के लिए स्वतंत्र हैं जबकि उन्हे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली हुई है? क्या वह अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं रहे हैं? क्या वह कहीं न कहीं गलत नहीं कर रहे हैं यह सवाल खड़ा हो रहा है। वैसे डॉक्टर प्रिंस जायसवाल की तरह ही क्या अन्य सभी कर्मचारियों को इस तरह की छूट है। वैसे यदि एक शासकीय कर्मचारी अन्य की शिकायत ही करता रहेगा वह अपनी जिम्मेदारी कैसे निभाएगा यह भी सवाल खड़ा है।

### सूरजपुर के प्रभारी डीपीएम कार्य के समय डीपीएम नहीं शिकायतकर्ता बने बैठे

सुरजपुर जिले के प्रभारी डीपीएम को सरकार ने जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिम्मेदारी दी है। स्वास्थ्य विभाग लोगों के स्वास्थ्य मामलों की जिम्मेदारी निभाने के लिए उन्हे बड़ी जिम्मेदारी प्रदान कर रखा है वहीं वह जिम्मेदारी निभाने की बजाए शिकायतकर्ता बन चुके हैं। डॉक्टर प्रिंस अब कार्य समय में भी शिकायत की ही तैयारी करते हैं और वह उसी में व्यस्त रहते हैं।वह कहीं न कहीं मिली हुई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं और अपने कर्तव्य के साथ वह गद्दारी कर रहे हैं। यह भी कहना गलत नहीं है की वह कहीं न कहीं वेतन सरकार से ले रहे हैं और काम अपने विरुद्ध होने वाली शिकायतों के लिए शिकायतों की ही तैयारी कर रहे हैं।

### संविदा कर्मचारी आचरण संहिता का भी नहीं कर रहे पालन ?

देखा जाए तो प्रभारी डीपीएम सूरजपुर कर्मचारी आदर्श आचरण नियम का भी पालन नहीं कर रहे हैं। शासकीय कर्मचारी का सबसे पहला कर्तव्य होता है की वह अपने मूल कर्तव्य के लिए समर्पित रहे और उसकी कार्यप्रणाली भी दोषपूर्ण न हो जिससे वह जिस विभाग के लिए काम करे उसकी भी छवि बेहतर बनी रहे। डॉक्टर प्रिंस जायसवाल के मामले में देखा जाए तो यह देखने को मिलेगा की वह एक कर्मचारी होने का भी फर्ज नहीं निभा पा रहे हैं वह अपने हित और अपने कार्यप्रणाली को बेहतर साबित करने के लिए अन्य की शिकायत करने में व्यस्त है जबकि उन्हे अपनी कार्यप्रणाली सुधारने की जरूरत है।

### हाई प्रोफाइल प्रभारी डीपीएम अपने किसी उच्च अधिकारी से अनुमति लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रहे हैं व अधिवक्ताओं के माध्यम से नोटिस पत्रकारों को भेज कर शिकायत कर रहे हैं ?

प्रभारी डीपीएम सूरजपुर किन अधिकारियों से अनुमति लेकर अन्य लोगों की शिकायत कर रहे हैं प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रहे हैं और अधिवक्ताओं के माध्यम से पत्रकारों को नोटिस भेज रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम के द्वारा विभाग में किए जा रहे भ्रष्टाचार और अनियमितता की खबर मामले में वह व्यक्तिगत शिकायत कर रहे हैं जबकि वह एक शासकीय कर्मचारी हैं उन्हे मामले में उच्च अधिकारियों का निर्देश आदेश प्राप्त कर ही ऐसा करना चाहिए क्योंकि वह विभाग नहीं हैं वह एक कर्मचारी हैं मात्र। खुद पर आरोप स्वीकार करना ही उनकी बड़ी कमी है जबकि कोई समाचार विभाग के लिए प्रकाशित होती है।

### दैनिक घटती घटना अखबार व पत्रकार तब तक प्रिंस जायसवाल के लिए सही है जब तक उनके मन मुताबिक खबर छपती थी?

दैनिक घटती-घटना अखबार सभी की आवाज बनने का प्रयास करता है सभी की शिकायतों पर खबर प्रकाशन करने का प्रयास करता है सभी के मुसीबत पर खबर प्रकाशन उसके मुसीबत काम करने का प्रयास करता है,अखबार का एक ही उद्देश्य है हर मामले को सबके सामने रखना व संबंधित को उसे मामले से अवगत कराना,कुछ ऐसा ही प्रिंस जायसवाल के पत्नी का नर्सिंग कॉलेज को लेकर समस्या थी इसकी शिकायत पर दैनिक घटती-घटना खबर प्रकाशन किया था उस समय अखबार व पत्रकार डॉक्टर प्रिंस जयसवाल के लिए सही थे? आज जब उनकी कमियों की खबर प्रकाशित हो रही है तो यह दोनों गलत है और उनकी मानहानि कर रहे हैं उनके प्रतिष्ठा धूमल कर रहे हैं।

## बालको की पहल से माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन के प्रति बढ़ी लोगों की जागरूकता

-संवाददाता-
कोरबा,04 जून 2024
(घटती-घटना)।

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता दिवस के अंतर्गत समुदाय के साथ मिलकर एमएचएम सप्ताह का आयोजन किया। पूरे सप्ताह कंपनी ने कोरबा के ग्रामीण क्षेत्रों में माहवारी से जुड़े अनेक भ्रांतियां को दूर करने और सस्टेनेबल माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए समुदाय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये।



बालको ने 'सपोर्टिंग ग्रीन पीरियड्स' पहल की शुरुआत की जो सस्टेनेबल माहवारी स्वास्थ्य प्रथाओं को बढ़ाने के लिए कर्मचारियों की स्वैच्छिकता के साथ मिलकर क्षमता निर्माण का प्रयास है। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को स्वयं के लिए कपड़े से बने पैड को सिलने के कौशल के साथ सशक्त बनाना था जिससे उनकी पैड की आवश्यकता पूरी हो सके। विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से 1,500 से अधिक किशोर और वयस्क तक पहुँच को सुनिश्चित किया गया। माहवारी की जानकारी को खेल और मनोरंजन से जोड़ने पर जागरूकता अभियान को समुदाय तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली। नयी किरण परियोजना के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता दिवस के तहत साप्ताहिक माहवारी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में विभिन्न कार्यक्रम शामिल किये गये। मां-बेटी, सास-बहू सम्मेलन के तहत कंपनी ने लोकप्रिय 'सांप सीढ़ी' खेल का मानवीय संस्करण तैयार किया जिसमें माहवारी पर संवाद एवं बातचीत को सरल बनाया गया है। खेल की मदद से महिलाओं और परिवार के सदस्य ने उत्साहपूर्वक माहवारी स्वास्थ्य मिथकों और तथ्य पर खुलकर चर्चा की। रात्रि चौपाल के तहत समुदाय में माहवारी की समझ को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से बनी शैक्षिक फिल्में दिखाई गईं। इन फिल्मों का उद्देश्य दिखाए गए पात्रों के व्यवहार के बारे में बातचीत को बढ़ावा देना है। जिससे समुदायों को माहवारी विषय पर बेहतर जानकारी देने में मदद मिली। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हमारे दृष्टिकोण के अनुसार समुदाय का स्वास्थ्य सस्टेनेबल प्रगति की नींव है। स्वास्थ्य पहल के माध्यम से हम गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक सभी की पहुंच,सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने और बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध हैं। नयी किरण परियोजना के माध्यम से हम लोगों को सवेंदनशील बनाने का प्रयास कर रहे हैं। माहवारी के दौरान महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने के साथ ही संवेदनशील लीडर तैयार किया जा रहा है। बालको ने नयी किरण परियोजना को वर्ष 2019 से सार्थक जन विकास संस्थान के सहयोग से कोरबा जिले के गांवों एवं नगर पालिक निगम क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी मिथकों और भ्रांतियों को दूर करने के लिए परियोजना लागू की। अबतक 45 गांवों में जागरूकता पैदा करने और क्षमता निर्माण गतिविधियों के माध्यम से लगभग 60,000 से अधिक लोगों को संवेदनशील बनाने में मदद की है।

## महिला के ऊपर पेड़ का डंगाल गिर जाने से मौत

-संवाददाता-
प्रतापपुर,04 जून 2024
(घटती-घटना)।

प्रतापपुर बीते शाम तेज हवा आंधी तूफान से जहां जनजीवन क्षेत्र में अस्त-व्यस्त हो गया वहीं तेज हवा-आंधी-तूफान के कारण घर के बाहर बैठी महिला के ऊपर में पेड़ का डंगाल गिर जाने के कारण कोमा में चली गई। इलाज के दौरान हुई मौत। नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 1 में बीते शाम घर के बाहर बैठी तारा देवी कश्यप उम्र 60 वर्ष पति स्वर्गीय शिव शंकर कश्यप दाढ़ी बाबा के धर्मपत्नी के ऊपर तेज हवा तूफान के कारण पेड़ का डंगल गिर जाने के करण ब्रेन में खून जम जाने से जहां वह कोमा में चली गई



। मामला को गंभीर देखते हुए महिला को जिला चिकित्सालय अंबिकापुर रेफर कर दिया गया जहां पूरी रात इलाज के दौरान दोपहर में मौत हो गई। जिसकी खबर मिलते ही प्रतापपुर क्षेत्र में शोक का माहौल फैल गया। अचानक से हुए इस घटना से लोगों के बिच काफी दुख एवं समताप्त व्याप्त है। खबर पाते ही भारी संख्या में लोगों का हुजूम उमर पड़ा इस घटना से जहां लोक प्राकृतिक को दोष दे रहे हैं वही असामयिक मृत्यु के कारण नगर शोक में डूबा हुआ है । जिनका अंतिम संस्कार आज देर शाम तक स्थानीय बाकी नदी में कर दिया जाएगा। वही सोशल मीडिया के माध्यम से भी भाजपा एवं कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता स्थानीय नागरिक व् पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ प्रेम साय सिंह ने श्रद्धांजलि दिया । प्रतापपुर व्यापारी सेवा संघ प्रमुख राजेश गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी सहित भारी संख्या में लोग श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिने पर 13 हुए गिफ्तार

-सवाददाता-
अम्बिकापुर,04 जून 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर आमनागरिकों मे छोभ उत्पन्न करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्यवाही कर धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम मे कल दिनांक कों थाना गांधीनगर, थाना कोतवाली, थाना लखनपुर एवं थाना कमलेश्वरपुर पुलिस टीम द्वारा सार्वजानिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर सख़्ती से कार्यवाही की गई, पुलिस टीम द्वारा 12 प्रकरणों मे 13 आरोपियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की गई हैं। थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा अंग्रेजी शराब भट्टी के पास भगवानपुर रोड़ मे सार्वजानिक स्थल पर शराब का सेवन करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही करते हुए आरोपी (01) सूरज कुमार



उम्र 23 वर्ष साकिन रांगपारा अजबनगर थाना जयनगर जिला सूरजपुर (02)अर्जन सिंह उम्र 35 वर्ष साकिन राजेन्द्रनगर बिजली ऑफिस रोड़ थाना गांधीनगर (03) साधारण सिंह मरकाम उम्र 39 वर्ष साकिन भगवानपुर थाना गांधीनगर (04) अनुपम त्रिपाठी उम्र 24 वर्ष साकिन गांधीनगर बिजली ऑफिस के पास थाना गांधीनगर (05) समीर खलखो उम्र 30 वर्ष साकिन नवापारा चर्च के पास थाना गांधीनगर (06) सुनिल पन्ना उम्र 35 वर्ष साकिन हंसपुर डोंगीपानी थाना करौधा जिला बलरामपुर (07) संदीप आयाम उम्र 34 वर्ष साकिन वाड्रफनगर थाना बसंतपुर जिला बलरामपुर हाल मुकाम भगवानपुर थाना गांधीनगर के विरुद्ध थाना गांधीनगर मे धारा 36(च) आबकारी एक्ट के 07 प्रकरण दर्ज किये गए हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे उप निरीक्षक अशोक शर्मा, उप निरीक्षक अश्वनी दीवान, सहायक उप निरीक्षक कृष्णकुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक नेतराम पैकरा, प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप, प्रधान आरक्षक विजय राज, आरक्षक पवन यादव, हरिनाम, रविन्द्र साहू शामिल रहे।

न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. .../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अखिल कुमार गुप्ता आ0जगदीश प्रसाद गुप्ता जाति वैश्य निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 96/32, रकबा 0.015 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 19/06/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा0) अम्बिकापुर

न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. .../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रियंका पत्नी बैजनाथ , किशोर कुमार केशरी , नितु कुमारी आ0 गोरखनाथ जाति केशरवानी निवासी नमनाकला तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा(छ0ग0)के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं0136/58, रकबा 0.046 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा, रजिस्ट्री की प्रति , आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 19/06/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/06/2024को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा0) अम्बिकापुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नोवाक जोकोविच ने ग्रैंडस्लैम में की अपनी 370 वीं जीत दर्ज की



**सेंटियागो,04 जून 2024।** दाहिने घुटने के दर्द से जूझने के बावजूद नोवाक जोकोविच ने अपने से युवा प्रतिद्वंद्वी को साढे चार घंटे तक चले मुकाबले में पांच सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट की शुरूआत में जोकोविच पीठ के बल लेट गए थे और लग रहा था कि उन्हें मुकाबला छोड़ना होगा लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए 23 वीं रैंकिंग वाले फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 6.1, 5.7, 3.6,7 5,6.3 से हराया। अब उनका सामना सातवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड से होगा। रूड ने 12 वीं रैंकिंग वाले टेलर फिट्ज को 7.6,3.6,6.4,6.2 से हराया। अन्य क्वार्टर फाइनल में एलेक्स डि मिनौर का सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। वहीं ज्वेरेव ने होल्गर रूने को 4.6,6.1,5.7,7.6, 6.2 से मात दी।

### भारत के आर प्रग्गना नंद ने रचा इतिहास

#### विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया

**नई दिल्ली,04 जून 2024।** सोमवार को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर मैग्नस कार्लसन और फैबियानो कारुआना पर अपनी जीत दर्ज की। टाईब्रेकर आर्मागेडन गेम में भारतीय की जीत से पहले प्रागनानंद और लिरेन ने शास्त्रीय प्रारूप में गतिरोध का सामना किया। भारत के ग्रैंडमास्टर इससे पहले इस प्रतियोगिता में मैग्नस कार्लसन और फैबियानो कारुआना सहित उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हरा चुके हैं। डिंग लिरेन आर्मगेडन गेम में हार गए, जिससे युवा भारतीय खिलाड़ी ने पारंपरिक खेल में ड्रॉ के बावजूद एक और हाई-प्रोफाइनल जीत हासिल की।



# इंडिया और आयरलैंड के बीच टी 20 मैच आज

**» टी 20 वर्ल्ड कप में आयरलैंड के खिलाफ कैसी होगी टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन,**

**» हो सकते हैं कई बदलाव**

**न्यूयार्क,04 जून 2024।** टी 20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम रोहित शर्मा की अगुवाई में 5 जून से आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इससे पहले 1 जून को टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ अपना एकमात्र अभ्यास मैच खेला था। उस मैच में जहां रोहित शर्मा और संजू सैमसन ने ओपनिंग की थी वहीं तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत उतरे थे। हालांकि, टीम इंडिया ने अभ्यास मैच में बांग्लादेश को पटखनी दी थी। वहीं अब सवाल ये उठता है कि आयरलैंड के खिलाफ भारत की संयोजन के साथ उतर सकता है? भारत और आयरलैंड के बीच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में ये मुकाबला खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय टीम पूरी तरह तैयार है। बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में विराट कोहली नहीं खेल पाए थे लेकिन जब भारतीय टीम मुख्य मुकाबले में खेलने के लिए उतरेगी तो उसमें कोहली खेलेंगे, इसमें ज्यादा शक नहीं होना चाहिए।




#### रोहित-कोहली कर सकते हैं ओपनिंग?

कहा जा रहा है कि, रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली ओपनिंग कर सकते हैं। यानी यहां से यशस्वी जायसवाल का पत्ता कट सकता है। वहीं तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत का आना तय सा लग रहा है। बांग्लादेश अभ्यास मैच में पंत और सैमसन ने बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेला था, लेकिन जब कीपिंग की बात आ तो ग्लब्स ऋषभ पंत को थमाए गए थे। यानी संजू सैमसन को पहले मैच की प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका शायद ना मिले।

#### सूर्या-हार्दिक का खेलना तय

वहीं टॉप-3 बल्लेबाजों के बाद चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव का आना करीब तय है। वहीं नंबर 5 पर हार्दिक पंड्या खेलते हुए नजर आ सकते हैं। इस बीच संभावना ये भी है कि, हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे दोनों को एक साथ प्लेइंग इलेवन में मौका दिया जा सकता है। क्योंकि, ये दोनों मिलकर बतौर गेंदबाज की भूमिका भी निभा सकते हैं। अगर दोनों ने दो-दो ओवर भी किए तो काम बन जाएगा। हालांकि, शिवम दुबे का फॉर्म इस वक्त कुछ खास नहीं चल रहा है। इसके बाद रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को मौका दिया जा सकता है। ये दोनों गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी में भी अपने हाथ दिखाने की काबिलियत रखते हैं। इसके बाद कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह के अलावा अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिरजा में से एक को मौका दिया जा सकता है। आयरलैंड के खिलाफ ये हो सकती है संभावित प्लेइंग 11 रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पेटल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिहं।

#### वेदर रिपोर्ट

वेदर फॉरकास्ट के मुताबिक 5 जून को न्यूयॉर्क में बारिश की उम्मीद है। दोपहर में 24 प्रतिशत जबकि रात में बारिश होने के चांसेस 80 प्रतिशत हैं। इसके अलावा, तापमान 24 से 20 डिग्री तक रह सकता है। हवा 15-16 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकती है। जकि आद्रर्ता 65 से 86 प्रतिशत तक रह सकती है।

#### न्यूयॉर्क की पिच?

वहीं न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम की पिच की बात करें तो, यहां मिट्टी ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड स्टेडियम से लाई गई है। एडिलेड की ही तरह ये स्टेडियम भी समुद्र के पास स्थित है। ऐसे में नसाउ स्टेडियम की विकेट पर भी एडिलेड की तरह उछाल वाली और रन बनाने वाली हो सकती है।

#### दोनों टीमों का फुल स्क्वायॅड

**भारत**-रविंद्र जडेजा, रोहित शर्मा, विराट कोहली, युजवेंद्र चहल, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल।

**आयरलैंड-** एंडी बालबर्नी, पॉल स्टर्लिंग, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, बेन व्हाइट, क्रेग यंग, बैरी मैकार्थी, मार्क अडायर, जोशुआ लिटिल, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, नील रॉक और रॉस अडायर।

## भारत के मुख्य कोच के तौर पर आखिरी टूर्नामेंट



**न्यूयॉर्क, 04 जून 2024।** राहुल द्रविड़ ने सोमवार को पुष्टि कर दी कि टी20 विश्व कप भारतीय टीम के मुख्य कोच के तौर पर उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। द्रविड़ की यह घोषणा अप्रत्याशित नहीं थी क्योंकि माना जा रहा था कि वह इस पद के लिये दोबारा आवेदन नहीं करने वाले हैं। बोर्ड ने पिछले महीने इस पद के लिये आवेदन बुलाये थे। आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप में भारत के पहले मैच से पूर्व मीडिया से बातचीत में द्रविड़ ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के हर क्षण का लुत्फ उठाया है।

उन्होंने कहा ,'' हर टूर्नामेंट अहम है। भारत के कोच के तौर पर हर मैच मेरे लिये महत्वपूर्ण रहा है। मेरे लिये इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कोच के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट है।'' द्रविड़ नवंबर 2021 में टी20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच बने थे। उन्होंने कहा ,'' मुझे अपना काम बहुत पसंद है। मैने भारतीय टीम की कोचिंग का पूरा मजा लिया और यह खास काम भी है। मुझे टीम के साथ काम करने में मजा आया लेकिन क्रिकेट के इस तरह के शेड्यूल और जीवन के जिस चरण पर मैं अभी हूं, मुझे नहीं लगता कि मैं फिर आवेदन कर सकूंगा।'' उन्होंने कहा ,'' इसलिये यह मेरा आखिरी टूर्नामेंट है लेकिन मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। पहले दिन से मेरे लिये हर मैच महत्वपूर्ण है और मायने रखता है। इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।

## आईपीएल की सफलता के बाद टी 20 विश्व कप में फॉर्म दशक में सर्वश्रेष्ठ

**ब्रिजटाउन , 04 जून 2024।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में सफलता के बाद वह टी20 विश्व कप में पिछले एक दशक में अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है। कमिंस शनिवार को ब्रिजटाउन पहुंचे। उनकी कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल में फाइनल तक पहुंची थी। कमिंस ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा ,'' शायद मैं दस साल में अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हूं।'' आस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान कमिंस ने कभी वेस्टइंडीज में नहीं खेला है। उन्हें आईपीएल के अपने अनुभव के दम पर अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।उन्होंने कहा ,'' हमने आईपीएल में लगातार 17 मैच खेले। टी20 क्रिकेट में दूसरे प्रारूपों की तुलना में सटीक यॉर्कर या धीमी गेंदों की अधिक जरूरत होती है और मैने इस प्रारूप में अच्छी गेंदबाजी की है।'' उन्होंने कहा ,'' टी20 गेंदबाजी में आपके गेंद डालने का सीक्वेंस सोचकर रखना अहम होता है। आपको बहुत जल्दी पता चल जाता है कि क्या काम कर रहा है और क्या नहीं। पहले मैच में अगर काम नहीं करे तो आपको लगता है कि कभी काम नहीं करेगा लेकिन फिर धीरे धीरे काम करने लगता है। इस आत्मविश्वास के साथ यहां आना अच्छा है।



## बजरंग पुनिया को मिली राहत

#### एनएडीए द्वारा लगाए गए बैन को एडीडीपी ने हटाया

**नई दिल्ली, 04 जून 2024।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के अनुशासन पैनल ने सोमवार को बजरंग पुनिया पर लगाए गए अस्थाई निलंबन को रद्द कर दिया। अनुशासन पैनल ने बजरंग को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया है। बजरंग ने इसी साल मार्च में सिलेक्शन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद एनएडीए ने 23 अप्रैल को टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग को निलंबित कर दिया था और बाद में वर्ल्ड शासी निकाय ने यही कार्रवाई की थी। बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग एक मुकाबला हारने के बाद अपना यूरीन सैंपल दिए बिना ही उस स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे-चौथे स्थान के मुकाबले में हिस्सा ही नहीं लिया था। बजरंग ने अपने वकीलों के जरिए निलंबन को चुनौती दी थी और एडीडीपी को अपने जवाब में दोहराया था कि उन्होंने कभी भी सैंपल देने से इनकार नहीं किया था। बल्कि सिर्फ ये जानने की मांग की थी कि नाडा ने दिसंबर 2023 में उनका सैंपल लेने के लिए एक्सपायरी डेट वाली सैंपल किट क्यों भेजी थी। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अब तक उनके इस प्रश्न का उत्तर क्यों नहीं दिया है।




## अरबाज खान के साथ बिताई गयी मलाइका अरोड़ा की आखिरी रात का सच

#### दोनों के बीच क्या हुआ था? तलाक तक कैसे पहुंची थी बात

मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान की मुलाकात 20 की उम्र में हुई और वे प्यार में पड़ गए। दिसंबर 1998 में उनकी शादी हुई और नवंबर 2002 में उनके पहले बच्चे अरहान का जन्म हुआ। 19 साल की शादी के बाद जब वे अलग हुए तो इंटरनेट पर इस जोड़े ने सबको चौंका दिया। मलाइका ने अपने शो मूविंग इन विद मलाइका में खुलासा किया था कि अरबाज को प्रपोज करने वाली वह खुद थीं और उन्होंने अरबाज से शादी सिर्फ इसलिए की क्योंकि वह अपने घर से बाहर निकलना चाहती थीं। कुछ साल पहले मलाइका ने बताया था कि कैसे उनका परिवार नहीं चाहता था कि वे तलाक लें। उन्होंने कहा मुझे लगता है, सबकी पहली यही राय है कि मत करना। कोई आपको नहीं कहेगा कि,'हां, हां, प्लीज जाइए,करिए।यही पहली बात है, कि आप सोच समझकर यह फैसला लें। मैं भी इसी चीज से गुजरी हूं। मलाइका ने याद करते हुए कहा, तलाक से एक रात पहले भी, मेरे परिवार ने मेरे साथ बैठकर मुझसे फिर पूछा, 'क्या तुम निश्चित हो? क्या तुम अपने फैसले के बारे में 100 प्रतिशत आश्वस्त हो?' ये वे लोग हैं जो चिंता करते हैं और परवाह करते हैं, इसलिए वे निश्चित रूप से ऐसा कहेंगे,उन्होंने कथित तौर पर शो में कहा। उन्होंने आगे कहा... हर कोई कहता था, 'अगर तुम यह फैसला ले रही हो, तो हमें तुम पर वास्तव में गर्व है और हमारी नज़र में तुम एक मज़बूत महिला हो। इसलिए मेरे लिए, इस तरह से मुझे वह अतिरिक्त ताकत मिली जिसकी मुझे ज़रूरत थी। हाल ही में, मलाइका और उनके बेटे अरहान खान ने शादी, सेक्स और रिश्ते पर चर्चा की, क्योंकि वे बाद के वॉडकास्ट,डंब बिरयानी के लिए एक मसालेदार बातचीत में लगे हुए थे। अरहान ने मलाइका से पूछा, इससे पहले उन्होंने कहा, मुझे एक सटीक तारीख, एक जगह, एक गंतव्य और किससे शादी करनी है। इस पर मलाइका ने कहा, मेरे लिए मिर्ची खाना बेहतर है । मैं इसका जवाब नहीं दे सकती। मुझे नहीं पता कि इसका कोई जवाब है या नहीं । मुझे लगता है कि मैं अब अपनी सबसे अच्छी जिंदगी जी रही हूँ । अरबाज खान अब मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी कर चुके हैं । उन्होंने दिसंबर 2023 में अरबाज की बहन अर्पिता के मुंबई स्थित घर पर शादी की। दूसरी ओर, मलाइका अभिनेता अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं।



## वरुण धवन और नताशा दलाल के घर बेटी ने लिया जन्म दिया



वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा दलाल ने बेटी को जन्म दिया है। डेविड धवन ने अस्पताल के बाहर मौजूद मीडिया को यह खबर दी। उन्हें अपने नए पिता वरुण के साथ देखा गया। जब पैपराज़ी ने डेविड से पूछा कि क्या वरुण और नताशा ने बेटी को जन्म दिया है, तो फ़िल्म निर्माता ने सिर हिलाकर हाँ कहा और कैमरामैन को शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया।

इससे पहले बताया गया था कि नताशा को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई है। सूत्र ने बताया कि डॉक्टर के अनुसार, नताशा इस सप्ताह बच्चे को जन्म देने वाली है। आज सुबह उसे प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। वरुण इस बात का ध्यान रख रहे हैं कि इस दौरान वह अपनी पत्नी के साथ रहें और उन्होंने सभी पेशेवर प्रतिबद्धताओं को बाद की तारीख़ के लिए टाल दिया है।

इससे पहले आज, अभिनेता को मुंबई के एक अस्पताल के बाहर देखा गया। वह एक छोटा सा बैग लेकर अस्पताल परिसर से अपनी कार में निकलते हुए देखे गए।

वरुण धवन और उनकी फैशन डिजाइनर पत्नी नताशा दलाल ने अपने पहले बच्चे के आगमन की घोषणा करते हुए इंटरनेट पर हलचल मचा दी। पिछले साल मुंबई के एक क्लिनिक में जोड़े के देखे जाने की अटकलों के बावजूद,वरुण ने आधिकारिक तौर पर एक मार्मिक इंस्टाग्राम पोस्ट के माध्यम से प्रशंसकों के साथ दिल को छू लेने वाली खबर साझा की। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वरुण धवन ने अपने लिविंग रूम से एक शांत मोनोक्रोम स्नैपशॉट पोस्ट किया। तस्वीर में,वरुण घुटनों के बल बैठे हैं और नताशा दलाल के हाथों को थामे हुए उनके बेबी बंप पर प्यार से किस कर रहे हैं। इस सुखद घोषणा के साथ ही दंपति ने आश्वासन दिया कि माँ और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं, जो बढ़ते परिवार के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। तस्वीर में उनका पालतू कुत्ता भी सोफे पर आराम से बैठा हुआ दिखाई दे रहा है, जिसकी नज़र कैमरे पर टिकी हुई है। वरुण धवन ने पोस्ट को कैप्शन दिया, ÷हम गर्भवती हैं। आप सभी के आशीर्वाद और प्यार की ज़रूरत है। नताशा और वरुण बचपन के प्रेमी हैं। नताशा का दिल जीतने का वरुण का सफ़र पार्क में टहलना नहीं था। करीना कपूर खान के साथ उनके रेडियो शो पर एक स्पष्ट साक्षात्कार में, वरुण ने आश्चर्यजनक खुलासा किया कि नताशा ने कई बार उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। बॉलीवुड की हिट फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले अभिनेता ने अपनी लंबे समय से चली आ रही दोस्ती के बारे में बताया जो अंततः प्यार में बदल गई। उन्होंने कहा पहली बार मैं नताशा से छठी कक्षा में मिला था। हम ग्यारहवीं या बारहवीं कक्षा तक दोस्त थे। हम बहुत करीबी दोस्त थे, वरुण ने साक्षात्कार के दौरान खुलासा किया। अपने शुरुआती स्कूल के दिनों को याद करते हुए, उन्होंने बास्केटबॉल कोर्ट पर एक यादगार मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा, मुझे उसे देखना याद है, और, जब मैंने उसे उस दिन देखा, तो मुझे लगा कि मुझे उससे प्यार हो गया है।

## तमन्ना भाटिया ने अभिनेत्री राशि खन्ना के साथ तुलना पर की बात



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपनी समकालीन राशि खन्ना के साथ लगातार तुलना को संबोधित किया। दोनों अरनमनई 4 में स्क्रीन शेयर करते हैं। अरनमनई 4 की हिंदी रिलीज़ के प्रचार के दौरान, तमन्ना ने इंडिया टुडे डॉट इन को विशेष रूप से बताया, तुलना है लेकिन मैं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में विश्वास करती हूं। तमन्ना ने कहा, अक्सर एक दूसरे के खिलाफ खड़ा होता है। इस चरण के दौरान यह सुनिश्चित करना कि कोई सुरक्षित है, एक व्यक्ति के रूप में आप कौन हैं, इस पर बहुत कुछ निर्भर करता है, और इसका दूसरे व्यक्ति से कोई लेना-देना नहीं है। सुरक्षा भीतर से आती है। राशि खन्ना के साथ अपने समीकरण और उनके ऑन-सेट सौहार्द के बारे में बात करते हुए, तमन्ना ने कहा,यहां तक कि जब हम एक साथ एक गाना कर रहे थे और एक ही फ्रेम में एक-दूसरे के बहुत करीब नाच रहे थे,तब भी हम अपना बेस्ट परफॉर्मेंस करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। राशि की ओर से भी समर्थन की भावना थी और मैंने इसे महसूस किया। तमन्ना ने कहा कि अगर उन्हें लगता कि वे एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं तो उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री काम नहीं करती। अभिनेता ने कहा, मेरे लिए, दो लोगों के बीच अच्छी केमिस्ट्री तब बनती है जब वे तालमेल से काम करते हैं और अपने मिर्च मसाले के साथ एक ही काम करते हैं। इससे परिणाम रोमांचक लगता है।÷ उन्होंने राशि की एक सुरक्षित अभिनेत्री होने के लिए भी प्रशंसा की और कहा, मैंने विभिन्न अभिनेताओं के साथ काम किया है, लेकिन हर कोई सुरक्षित नहीं है। दूसरी ओर, राशि एक बहुत ही सुरक्षित अभिनेत्री है और ऐसा देखना दुर्लभ है।अरनमनई 4 की तमिल रिलीज़ के दौरान, राशि खन्ना और तमन्ना भाटिया एक दूसरे के खिलाफ़ खड़ी थीं।



## अनिल कपूर ने की क्विक स्टाइल ग्रूप की मेजबानी

अभिनेता अनिल कपूर ने हाल ही में सोमवार,3 जून को अपने आवास पर नॉर्वेजियन हिप-हॉप डांस ग्रुप, क्विक स्टाइल की मेजबानी की। डांस ग्रुप के साथ अभिनेता की कई तस्वीरें वायरल हुई हैं। नॉर्वेजियन डांस ग्रूप ने अपने अनोखे अंदाज में लोकप्रिय बॉलीवुड गानों के हुक स्टेप्स को फिर से बनाने के बाद फेम पाई। एएनआई द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में अनिल कपूर डांस ग्रुप के साथ पोज देते हुए कैजुअल लुक में कूल लग रहे थे। इस बीच, वर्क फ्रंट की बात करें तो अनिल बिग बॉस ओटीटी 3 को होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, हमें बताएं कि क्या आपने कभी इतना अच्छे दिखने वाले सिल्हूट होस्ट ¤बिगबॉसओटीटी 3 को देखा है जो इस जून में जियोसिनेमा प्रीमियम पर आ रहा है। इसके अलावा अनिल एक्शन-ड्रामा सूबेदार में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी करेंगे।

## मीरा देवस्थले ने विद्या के लिए 3.78 लाख का भुगतान नहीं किए जाने पर कहा



सोनी टीवी के शो कुछ रीत जगत की ऐसी हो में ज़ान खान के साथ नज़र आई मीरा देवस्थले ने हाल ही में अपने पिछले शो विद्या के निर्माता महेश पांडे द्वारा उनके बकाया भुगतान के बारे में बात की है। मीरा ने अपने पिछले शो विद्या के बकाया भुगतान न किए जाने के बारे में बताया। अभिनेत्री ने बताया कि शो 2020 में बंद हो गया था,हालाँकि,शो से उनका बकाया भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। मीरा ने खुलासा किया कि मूल राशि 8 लाख रुपये थी,मीरा ने कहा, निर्माता महेश पांडे ने अब मेरे संदेशों और कॉल का जवाब देना बंद कर दिया है। उन्होंने ञ्ष्ठस् का भुगतान भी नहीं किया है, जो काटा गया था और अब जुर्माने के कारण बढ़ गया है।अभिनेत्री ने कहा कि वह अपने परिवार के लिए एकमात्र कमाने वाली हैं और उन्हें अपने पैसे मांगने में कोई शर्म नहीं है। मीरा कहती हैं, हालांकि यह राशि कुछ लोगों को महत्वपूर्ण नहीं लग सकती है,लेकिन मेरे परिवार में एकमात्र कमाने वाली के रूप में,हर पैसा मायने रखता है। मुझे अपनी मेहनत की कमाई के लिए भीख क्यों मांगनी चाहिए? आमतौर पर किसी भी कलाकार के शो के बीच एक अंतराल होता है। इसलिए, उस दौरान,मैंने अपनी बचत खर्च कर दी।

# छत्तीसगढ़ राज्य की 10 सीटों पर खिला कमल

### » भूपेश बघेल को मिली हार...
### » ज्योत्सना ने बचाई साख

**रायपुर,04 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा की कुल 11 सीटें हैं जिनमें बीजेपी को 10 पर जीत मिली है। वहीं कांग्रेस को सिर्फ एक ही सीट से संतोष करना पड़ा। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो भाजपा को नौ और कांग्रेस को दो सीटों पर जीत मिली थी जिसमें कोरबा और बस्तर शामिल थी लेकिन इस चुनाव में कांग्रेस से ज्योत्सना चरणदास महंत ही अपनी ससाख बचाने में कामयाबी रहीं। ज्योत्सना चरणदास महंत ने भाजपा सरोज पांडेय को हाराया। प्रदेश की सबसे हाईप्रोफाइल सीट राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी और राज्य के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को हार का सामना करना पड़ा। भूपेश बघेल को मौजूदा सांसद और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने शिकस्त दी है। बीजेपी ने रायगढ़ और सरगुजा सीट पर परचम लहराया है, रायगढ़ से राधेश्याम राठिया और सरगुजा से चिंतामणि महाराज ने जीत हासिल की है। रायपुर से भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जीत हासिल की है। वहीं हाईप्रोफाइल सीट दुर्ग से बीजेपी के विजय बघेल ने जीत दर्ज की है। वहीं बस्तर से कांग्रेस के नेता कवासी लखमा को हार का सामना करना पड़ा यहां से बीजेपी के महेश कश्यप ने लखमा को हार का स्वाद चखाया। महासमुंद से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी और जांजगीर-चांपा से कमलेश जांगड़े ने जीत हासिल कर ली है वहीं कांकेर सीट से भोजराज नाग, बिलासपुर से तोखन साहू ने जीत का परचम लहराया है। कोरबा सीट से कांग्रेस की इकलौती प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने जीत हासिल की है।

#### तीन चरणों में हुआ था मतदान

छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए 3 चरणों में वोटिंग हुई थी। जिसमें पहले चरण (19 अप्रैल) में सिर्फ बस्तर में वोटिंग हुई वहीं दूसरे चरण 26 अप्रैल में राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर तीन सीटों पर मतदान हुआ था। तीसरे चरण में 7 मई को सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चंपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में मतदान हुआ था।




## कौन हारा कौन जीता

* बस्तर लोकसभा सीट से बीजेपी के महेश कश्यप ने कांग्रेस के कवासी लखमा को हराया
* राजनांदगांव लोकसभा सीट से बीजेपी के मौजूदा सांसद संतोष पांडेय ने प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को मात दी
* कांकेर लोकसभा सीट से बीजेपी के भोजराज नाग ने कांग्रेस के बीरेश ठाकुर को हराया
* महासमुंद लोकसभा सीट से भाजपा की रूप कुमारी चौधरी ने कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू को हराया
* रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस के विकास उपाध्याय मात दी
* दुर्ग लोकसभा सीट से बीजेपी के मौजूदा सांसद विजय बघेल ने राजेंद्र साहू पटखनी दी
* सरगुजा लोकसभा सीट से बीजेपी के चिंतामणि महाराज ने कांग्रेस की शशि सिंह को हराया
* रायगढ़ लोकसभा सीट से बीजेपी के राधेश्याम राठिया ने कांग्रेस की मेनका देवी को हराया
* बिलासपुर लोकसभा सीट से बीजेपी के तोखन साहू ने कांग्रेस के देवेंद्र सिंह यादव को हराया
* जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट से बीजेपी के कमलेश जांगड़े ने कांग्रेस के शिवकुमार डहरिया को हराया
* कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस की मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत ने बीजेपी की सरोज पांडेय को हराया

#### प्रदेश की वीआईपी सीटों का हाल

राजनांदगांव लोकसभा सीट-भूपेश बघेल,कांग्रेस (हारे)
रायपुर लोकसभा सीट-बृजमोहन अग्रवाल,बीजेपी (जीते)
बस्तर लोकसभा सीट-कवासी लखमा, कांग्रेस (हारे)
जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट-शिवकुमार डहरिया,कांग्रेस(हारे)
कोरबा लोकसभा सीट-सरोज पांडेय,बीजेपी(हारीं)
महासमुंद लोकसभा सीट-ताम्रध्वज साहू,कांग्रेस (हारे)

### कोरबा में कांग्रेस की जीत

लबे इंतजार के बाद छत्तीसगढ़ में आखिरकार कांग्रेस का खाता खुल गया है। प्रदेश की 10 सीटों पर बीजेपी ने जीत हासिल की है, तो वहीं सिर्फ 1 सीट कांग्रेस के खाते में आई है. कोरबा सीट से कांग्रेस की ज्योत्सना महंत ने जीत हासिल कर ली है।

### दुर्ग में विजय बघेल जीते

छत्तीसगढ़ की हाईप्रोफाइल सीट में से एक दुर्ग में बीजेपी ने जीत हासिल कर ली है। बीजेपी के विजय बघेल ने कांग्रेस के राजेंद्र साहू को हरा दिया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी के विजय बघेल ने यहां से जीत दर्ज की थी।

### महासमुंद में 1 लाख से ज्यादा वोटों से जीतीं रूपकुमारी चौधरी

महासमुंद लोकसभा में बीजेपी की रूपकुमारी चौधरी ने 1 लाख 45 हजार 456 वोटों से जीत दर्ज की है। कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू को 5 लाख 58 हजार 203 , तो वहीं बीजेपी की रूपकुमारी चौधरी को 7 लाख 3 हजार 659 वोट मिले है।. वही महासमुंद लोकसभा की जनता ने नोटा में 3801 वोट किए।

### भूपेश बघेल लोकसभा चुनाव हारे, संतोष पांडेय फिर बने सांसद

छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट के नतीजे आ गए हैं। बीजेपी के संतोष पांडेय ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को 44635 वोटों से हराया है। संतोष पांडेय को 7 लाख 05 हजार 761 वोट मिले, वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल को 6 लाख 61 हजार 126 वोट मिले हैं।

### कांकेर और बिलासपुर में बीजेपी ने हासिल की जीत

छत्तीसगढ़ की कांकेर सीट से बीजेपी के भोजराज नाग ने जीत हासिल कर ली है. तो वहीं बिलासपुर से तोखन साहू ने जीत का परचम लहराया है. जांजगीर-चांपा सीट से कमलेश जांगड़े और सरगुजा से चिंतामणी महाराज ने जीत हासिल की है।

### रायगढ़ लोकसभा सीट से से भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया की ऐतिहासिक जीत

रायगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। बधाई देते मंत्री ओपी चौधरी ने लिखा,जीत के आंकड़े सम्मानीय मतदाताओं के प्रचंड आशीर्वाद और विश्वास को प्रदर्शित करते हैं। जनता-जनार्दन और देवतुल्य कार्यकर्ताओं का कोटि-कोटि आभार।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार



लोकसभा चुनाव के परिणाम जारी होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा के पक्ष में परिणाम आने पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज का ये दिन हमारे देश और प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन है। देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए को अपना आशीर्वाद दिया है,जिसके लिए मैं सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को कुल मिलाकर जितनी सीटें मिल रही है उससे ज्यादा अकेले भारतीय जनता पार्टी को मिली हैं और छत्तीसगढ़ में भी हम ऐतिहासिक जीत दर्ज कर रहे हैं। श्री साय ने कहा कि 100 दिन में हमारी सरकार ने जो काम किया है उस पर छत्तीसगढ़ की जनता ने भरोसा जताया उसके लिए हम समस्त जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

## बृजमोहन अग्रवाल ने एक बार फिर रचा इतिहास,



### लोकसभा चुनाव में दर्ज की रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल

लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को एक बार फिर से नया इतिहास रच दिया है।. उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार विकास उपाध्याय को 5,75,285 वोटों से हराया. बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी इस जीत का श्रेय पार्टी नेतृत्व के साथ ही समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों और रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता को दिया है.।

## 11 में से 10 सीटों पर कमल खिलना भाजपा और नरेंद्र मोदी पर छत्तीसगढ़ की जनता का अटूट विश्वास : डिप्टी सीएम विजय शर्मा



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोकसभा चुनाव के नतीजों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को स्पष्ट बहुमत देकर जनता जनार्दन ने एक बार फिर राष्ट्र की बागडोर महानायक नरेंद्र मोदी को सौंपने का आदेश दिया है. नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रचेंगे.उप मुख्यमंत्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 में से 10 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की शानदार और ऐतिहासिक जीत पर मतदाताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा है, छत्तीसगढ़ की जनता को कोटि कोटि नमन है, जिन्होंने भरपूर आशीर्वाद देते हुए प्रदेश की 11 में से 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर भाजपा और नरेंद्र मोदी पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है.

## छत्तीसगढ़ की प्रचंड जीत कार्यकर्ताओं और जनता को समर्पित

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित 11 में से 10 कांग्रेस प्रत्याशियों का हारना मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन पर मुहरःकिरण देव...



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिले पूर्ण बहुमत को ऐतिहासिक जनादेश बताते हुए अपनी विजय को पूरी विनम्रता से शिरोधार्य करते हुए इसे भारत के 140 करोड़ देशवासियों की जीत बताया है। पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त कर 'विकसित भारत ङ्ख विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को साकार करने और विश्व मंच पर भारत के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठित करने के लिए प्रदेश की जनता का हृदय से आभार मानकर बधाई दी है। केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता सम्हालने के लिए मिले जनादेश के दृष्टिगत राजधानी समेत पूरे प्रदेश में भाजपाजनों में उत्साह है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा की शानदार जीत पर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत जनता और प्रधानमंत्री मोदी 10 वर्षों में किए गए काम और लिए गए क्रांतिकारी निर्णयों की जीत है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर देश की जनता ने जो अपना विश्वास व्यक्त किया है, अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार उस विश्वास की कसौटी पर खरी उतरने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। देव ने कहा कि ये नतीजे इस बात के प्रमाण हैं कि भारत और विशेषकर छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की एक सशक्त सरकार के के लिए अपना निर्णय व्यक्त किया है। ये नतीजे इस बात की तस्दीक भी कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास' के अपने उद्घोष में निहित 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के संकल्प के साथ काम किया है आगे भी यह करती रहेगी। देव ने कहा कि भाजपा-एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत के साथ जनता जनार्दन ने सत्ता सौंपी है और भाजपा जन-विश्वास की कसौटी पर खरी उतरेगी।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 9 को

**रायपुर,04 जून 2024 (ए)।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 09 जून 2024 (दिन रविवार) को प्रातः 11:00 से दोपहर 02:00 तक (3 घंटे) निर्धारित परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा.वि. बेलबेहरा, विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) में आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है। चयन परीक्षा के लिए कक्षा 09 वीं के लिए जिन विद्यार्थियों का फार्म स्वीकार किया गया है वे एकलव्य वेबसाईट पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं अपने अभिभावक के मोबाईल नंबर की सहायता से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है एवं जिन विद्यार्थियों का फार्म रिजेक्ट किया गया है वे अपने आवेदन क्रमांक एवं अपने अभिभावक के मोबाईल नंबर की सहायता से रिजेक्ट




होने के कारण जान सकते है। पात्र अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र संबंधित विकासखण्ड कार्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोंडीडीह, जमथान से भी प्राप्त कर सकते है। परीक्षार्थी परीक्षा हेतु काले एवं नील रंग के बाल पेन साथ लेकर आयेंगे। परीक्षार्थी परीक्षा के 01 घण्टे पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्र में उपस्थित होंगे।

## आरक्षक की सड़क हादसे में मौत



**राजनांदगांव,04 जून 2024 (ए)।** मोहला-मानपुर जिले में पदस्थ एक आरक्षक की सडक़ हादसे में मौत हो गई। सोमवार को मोहला से राजनांदगांव लौटते वक्त आरक्षक बाइक के अनियंत्रित होकर गिरने से हादसे का शिकार हो गया। घायल हालत में डोंगरगांव अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मोहला-मानपुर जिले में पुलिस लाईन में पदस्थ 36 वर्षीय आरक्षक महेन्द्र चेलामे ड्यूटी खत्म होने के बाद अपनी मोटर साइकिल से राजनांदगांव घर लौट रहे थे।

## संगठन के 5 सदस्यों ने डाला हथियार



**जगदलपुर,04 जून 2024 (ए)।** पांच नक्सलियों ने अपनी संगठन को छोडक़र मुख्यधारा में जुडऩे की इच्छा जताते हुए पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है। इन सभी नक्सलियों पर करीब 17 लाख का इनाम था और नक्सलियों के अलग अलग घटनाओं में भी शामिल थे। आत्मसमर्पित नक्सली, नक्सली संगठन के पीएलजीए बटालियन नंबर 1 और दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी में अलग–अलग पदों पर लंबे समय से काम कर रहे थे।सीआरपीएफ के आला अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पित पाचों नक्सली जिले के अलग–अलग क्षेत्रों में घटित बड़ी घटनाओं में शामिल रहे है, जिसमें टोण्डामरका मुठभेड़, सलातोंग मुठभेड़ और साकलेर मुठभेड़ प्रमुख रूप से हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलवाद से तंग आकर 8 लाख के इनामी पीएलजीए बटालियन नम्बर 01 का सप्लाई टीम डिप्टी कमाण्डर और पीपीसीएम मडक़म पांडू, 5 लाख के इनामी पामेड़ एरिया कमेटी सदस्य व एरिया मेडिकल टीम प्रभारी एसीएम मडकम मासा, 2 लाख के इनामी प्लाटून नम्बर 10 'बी' सेक्शन कमाण्डर कोमरम दूला, एक लाख की ईनामी महिला पीएलजीए बटालियन सदस्या रव्वा भीमे और दक्षिण सब जोनल ब्यूरो प्रेस टीम सदस्य व पार्टी सदस्य शेखर उर्फ मुका सोड़ी ने पुलिस के समक्ष बिना हथियार के सरेंडर कर दिया है। इस दौरान आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुलिस व सीआरपीएफ अधिकारियों ने प्रोत्साहन राशि भी दी गई है।

## राधिका खेड़ा ने भूपेश बघेल पर साधा निशाना



### एक्स पर लिखा- छत्तीसगढ़ ने इन्हें वोट की चोट

**रायपुर,04 जून 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के लिए जारी मतगणना के बीच कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को तगड़ा झटका लगा है। इसी बीच राधिका खेड़ा ने भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए एक्स पर लिखा राजनांदगांव लोकसभा भाजपा प्रत्याशी संतोष ने कहा कि शाम के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। लेकिन बीजेपी भारी अंतरों से चुनाव जीतेगी।

## सूखे दिवस पर भी राजधानी में हो रही शराब बिकी

**रायपुर,04 जून 2024 (ए)।** चुनाव आयोग के ड्राई डे घोषित करने के बाद भी राजधानी में शराब बिकती रही। शास्त्री बाजार, और पुलिस लाइन हरचंदराय पेट्रोल पंप से सटकर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान खुली रही। साइड का छोटा गेट खोलकर



सेल्समेन पूरा कारोबार करते रहे। पूछने पर कहा कि मतगणना स्थल के आसपास की दुकानें बंद की जातीं हैं। ये तो काफी दूर है। जबकि आयोग के निर्देश पर सीईओ रीना कंगाले ने पूरे जिले में शुष्क दिवस घोषित किया था।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)